प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मोर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 44, 22 फरवरी से 28 फरवरी, 2026 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मोर्निंग सिटी



# भारत 'पैक्स सिलिका' गठबंधन में शामिल

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भारत ने 'पैक्स सिलिका' गठबंधन से जुड़ने का समझौता किया, भारत-अमेरिका ने सुरक्षित टेक सप्लाई चेन और एआई आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए साझा प्रतिबद्धता दोहराई




**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** भारत ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में आयोजित एक समारोह में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एआई संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था को शक्ति देने वाले संपूर्ण तकनीकी ढांचे को सुरक्षित करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के पांचवें दिन इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद कहा कि यह केवल एक औपचारिक हस्ताक्षर नहीं है, बल्कि भविष्य निर्माण का क्षण है।

स्वतंत्रता के बाद से भारत की वृद्धि को देखें तो कंपाउंडिंग ग्रोथ की ताकत स्पष्ट होती है। आज भारत के इंजीनियर दुनिया के सबसे उन्नत दो-नैनोमीटर चिप डिजाइन कर रहे हैं और सेमीकंडक्टर उद्योग को लगभग दस लाख नए पेशेवरों की आवश्यकता होगी, जो भारत के लिए बड़ा अवसर है। अमेरिका के आर्थिक वृद्धि, ऊर्जा और पर्यावरण मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने इस घोषणा को साझा भविष्य का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि पैक्स सिलिका पर हस्ताक्षर करके भारत और अमेरिका ने यह संदेश दिया है कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है। हम भविष्य की संपूर्ण तकनीकी श्रृंखला को सुरक्षित कर रहे हैं।

### पैक्स सिलिका समझौता कर, हम अपनी मजबूरी का फायदा उठाने वालों को ना कह रहे हैं : जैकब हेलबर्ग

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** अमेरिका और भारत के बीच तकनीक, महत्वपूर्ण खनिजों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से 'पैक्स सिलिका' घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और अमेरिकी आर्थिक मामलों के उपमंत्री जैकब हेलबर्ग की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर अमेरिकी आर्थिक मामलों के उपमंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा कि यह समझौता केवल कागज पर एक करार नहीं है, बल्कि एक साझा भविष्य का रास्ता है। श्री हेलबर्ग ने यहां हस्ताक्षर समारोह के दौरान ने कहा, हम साथ मिलकर यह कहते हैं कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है। संप्रभुता किसी वैश्विक दफ्तर या नौकरशाही से नहीं आती। यह उन निर्माताओं से आती है, जो आज इस कमरे में मौजूद हैं।

## प्रधानमंत्री ने एआई और गहन तकनीक स्टार्टअप्स के सीईओ से की बातचीत, नवाचार और अनुसंधान पर दिया बल



**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अंतिम दिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता और गहन तकनीक क्षेत्र से जुड़े प्रमुख स्टार्टअप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हेल्थकेयर, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और अन्य उभरते क्षेत्रों में काम कर रहे भारतीय स्टार्टअप्स की तकनीकी परियोजनाओं और नवाचारों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान स्टार्टअप्स के सीईओ के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न तकनीकी समाधानों, अनुसंधान और उत्पाद विकास से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से बातचीत की। स्टार्टअप्स ने अपने एआई आधारित समाधान और उनके सामाजिक तथा आर्थिक प्रभाव के बारे में जानकारी दी। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा हुई कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता , मशीन लर्निंग और गहन तकनीक तकनीक भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती हैं।

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हंगामा; टी-शर्ट खोलकर की नारेबाजी, हिरासत में लिया गया

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान शुक्रवार को 'यूथ कांग्रेस' के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। समिट के बीच हुए इस प्रदर्शन से कार्यक्रम स्थल पर कुछ समय के लिए हलचल का माहौल बन गया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट खोलकर नारेबाजी की और 'पीएम इज कंप्रोमाइज' के नारे लगाए। जिस वक्त समिट में यह विरोध प्रदर्शन किया गया, उस समय वहां पर देश-विदेश के कई दिग्गज और प्रतिनिधि मौजूद थे। अधिकारियों के मुताबिक, कई यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी शर्ट उतार दी और नारे लगाए, जिसमें 'पीएम इज कंप्रोमाइज' भी शामिल था। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। सरकारी अधिकारियों, इंडस्ट्री के नेताओं और विदेशी डेलीगेट्स की भागीदारी वाले इस हाई-प्रोफाइल इंटरनेशनल इवेंट में इस तरह के प्रदर्शन से रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों को तुरंत हिरासत में लिया गया और जगह से दूर ले जाया गया। वहीं, यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध पर इंडियन यूथ कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट उदय भानु चिब ने कहा, ये नारे सिर्फ इसलिए नहीं लगाए गए कि यूथ कांग्रेस गुस्से में है, बल्कि ये इसलिए भी लगाए गए क्योंकि पूरे देश का युवा गुस्से में है।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अप्रैल में लागू होने की संभावना: गोयल

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना जताई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि भारत के ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है। पीयूष गोयल ने कहा कि न्यूजीलैंड के साथ समझौता सितंबर में लागू हो सकता है। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि ईयू के सभी 27 देश इस बात के लिए उत्सुक हैं कि एफटीए को जल्द ही फाइनल किया जाए और आगे बढ़ाया जाए।

## एआई समिट शानदार रही, भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर दुनिया को दिखाया अपना विजन : एन. चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' शानदार रही है। इसमें भारत ने दुनिया को दिखाया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर उसका क्या विजन है और वह इसे आगे ले जाने के लिए क्या कर सकता है। राष्ट्रीय राजधानी में समिट के दौरान मीडिया से कहा कि टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि इस आयोजन ने देश की एआई से संबंधित सभी योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। इससे पहले, समिट में ओपनएआई ने टाटा समूह के साथ मिलकर स्थानीय स्तर पर एआई-आधारित डेटा सेंटर विकसित करने के लिए साझेदारी की, जिसे डेटा रेजिडेंसी, सुरक्षा और दीर्घकालिक घरेलू क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। चंद्रशेखरन ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार समिट है जहां हम अपनी सभी पहलों और योजनाओं को वैश्विक स्तर पर सभी महत्वपूर्ण नेताओं और सभी राजनीतिक नेताओं को एक साथ प्रदर्शित करने में सक्षम हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के हाइपरवॉल्ट डेटा सेंटर कारोबार की पहला ग्राहक ओपनएआई होगी। इसकी शुरुआत 100 मेगावाट क्षमता से होगी और समय के साथ इसे बढ़ाकर 1 गीगावाट तक किया जा सकेगा। यह बुनियादी ढांचा ओपनएआई के सबसे उन्नत मॉडलों को भारत में सुरक्षित रूप से चलाने में सक्षम बनाएगा, जिससे डेटा रेजिडेंसी, सुरक्षा और अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए कम देरी सुनिश्चित होगी।

## पश्चिम बंगाल की एसआईआर प्रकिया में शामिल किए जाएंगे न्यायिक अधिकारी, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच गतिरोध को देखते हुए यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा है कि वे अभी सेवारत और कुछ पूर्व एडीजे रैंक के न्यायिक अधिकारियों को एसआईआर प्रकिया में लोगों की ओर से पेश आपत्तियों और दावों पर फैसला लेने में मदद करने के लिए लगाएं। कोर्ट ने राज्य सरकार को हाईकोर्ट के साथ सहयोग करने के निर्देश दिए और कहा कि उनके काम करने के लिए माहौल बनाएं। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में असाधारण हालात के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने माना कि इस निर्देश से नॉर्मल कोर्ट केस की सुनवाई पर असर पड़ सकता है, क्योंकि जजों का समय एसआईआर प्रक्रिया में लग सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने सुनवाई की।

## बाबर के नाम पर धार्मिक संरचनाओं का नामकरण रोकने संबंधी याचिका पर न्यायालय का सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (वेब वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने मुगल शासक बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण या नामकरण पर रोक लगाने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने इसे वापस ले लिया। वकील ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की घोषणा का हवाला दिया। याचिका में केंद्र, राज्यों और अन्य सरकारों को याचिकाकर्ता के मामले पर विचार करने और समूचे भारत में बाबर या बाबरी मस्जिद या उनसे मिलते-जुलते/व्युत्पन्न नामों पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण, स्थापना या नामकरण पर रोक लगाने या प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

## सीएम योगी का एलान: होमगार्ड भर्ती में आपदा मित्रों को मिलेगी प्राथमिकता

लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चल रही 45 हजार होमगार्ड की भर्ती में आपदा मित्रों को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि अभी आपदा मित्र की सेवा स्वैच्छिक है, लेकिन जब वे होमगार्ड के रूप में कार्य करेंगे तो उन्हें सरकार द्वारा मानदेय भी दिया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के अंतर्गत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में फर्स्ट रिस्पॉन्डर आपदा मित्र हो सकता है। 25 जिलों में 29,772 युवा स्वयंसेवकों (एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, भारत स्काउट एंड गाइड) को प्रशिक्षित कर आपदा मित्र प्रबंधन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवकों को तीन साल तक के लिए जीवन व चिकित्सा बीमा की सुविधा देने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए बीते 10 फरवरी को ही आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के साथ एमओयू किया है, जिसमें आपदा मित्र को तीन साल के लिए 5 लाख का बीमा कवर प्रदान किया गया है। प्रदेश में काफी युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं, शेष का प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा स्नातक-परास्नातक विद्यार्थियों के लिए दो वर्षीय आपदा प्रबंधन इंटर्नशिप कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। युवा इसे पूरा करके आगे आ सकते हैं। बता दें कि होमगार्ड भर्ती के लिए आवेदन हो चुके हैं। अब इसके लिए आगे की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार की स्थापना होने जा रही है। इससे मौसम का पूर्वानुमान लगाने के साथ ही यह भी बता सकेंगे कि कहां पर आकाशीय बिजली गिरने का खतरा है। प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और ब्लॉक स्तर पर 2000 ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित करने की कार्रवाई लगभग पूरी हो चुकी है।

### इनका किया शिलान्यास भी

मुख्यमंत्री ने बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, राजकीय भूमि संरक्षण केंद्र मऊरानीपुर झांसी में 50 बेड के छात्रावास भवन तथा लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया।

## रमणरेती आश्रम में फूलों संग बरसा अबीर-गुलाल

मथुरा



मथुरा के महावन स्थित रमणरेती आश्रम स्थित ठाकुर रमण बिहारी का आंगन शनिवार को होली के रंगों से सतरंगी हो गया। प्रिया-प्रियतम ने भक्तों संग होली खेली और उन्हें प्रेम रस के रंग में रंग दिया। ठाकुरजी के आंगन में बरसते होली के प्रेम रंग में सराबोर होकर श्रद्धालु निहाल हो गए। ठाकुर रमण बिहारी मंदिर में शनिवार को देश-दुनिया से आए भक्तों ने अपने आराध्य के साथ होली खेली। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी में गजब का उत्साह था। हर कोई इस प्रेम रंग की वर्षा से आनंदित हो रहा था। कलाकारों ने होली रास की मंच पर आकर्षक प्रस्तुति दी। होली के गीतों और रसियाओं पर लठामार होली की अपनी प्रस्तुति से उपस्थित संतों और भक्तजनों को आनंदित कर दिया। इसके बाद जिस क्षण का भक्तों को इंतजार था, वो घड़ी आ गई। मंच पर कलाकारों ने फूलों की होली का आनंद बिखेरा। भक्त भी इस आनंद को लूटने के लिए रमणबिहारी के जयकारे लगाने लगे। ठाकुरजी का आंगन ठाकुर रमणबिहारी लाल की जय और राधारानी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। उड़ते अबीर-गुलाल से पूरा मंदिर परिसर ऐसा लग रहा था मानो इंद्रधनुष ने रंग बिखेर दिए हो। मंदिर परिसर में उड़ते अबीर-गुलाल तथा बरसते चंदन, केसर मिश्रित सुगंधित रंग से सराबोर होकर भक्त नाच रहे थे।

इस बीच रासलीला में राधा कृष्ण के युगल स्वरूपों ने लठामार होली एवं फूलों की होली खेली।

## सम्पादकीय

# एआई बदलेगा विकास का भविष्य, दिल्ली समिट से उभरीं संभावनाएं और चुनौतियां

स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की जा रही है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026 में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है,



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी। पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है। निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है। मगर इसके समांतर यह देखने की जरूरत होगी कि नए बनने वाले ढांचे में समाज के सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करने का उद्देश्य किस हद तक पूरा हो पाता है। इस संदर्भ में एआइ की बढ़ती भूमिका के दौर में बड़े पैमाने पर नौकरियों का दायरा सिकुड़ने और अवसर कम होने की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसका हल निकालना एक बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा, एआइ आधारित तकनीक का बेजा इस्तेमाल करके भयादोहन, डीपफेक से जुड़ी जटिलताएं, डेटा केंद्रों से जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव, ज्यादा से ज्यादा डेटा हासिल करके उसका मनमाना उपयोग और उसे नियंत्रण का एक औजार बनाने जैसे सवाल भी सामने खड़े होंगे। इन समस्याओं का हल निकालने पर ही इस तकनीक की साख निर्भर करेगी। यों दिल्ली के सम्मेलन में एक सकारात्मक उम्मीद यह जताई गई कि एआइ अरबों लोगों को गरीबी से बाहर निकाल सकता है और एक बेहतर दुनिया बना सकता है।

# भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने

**स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं।**

ललित गर्ग

दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निमार्ताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही



है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूवार्नुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो।

भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। मानवता केंद्र में का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सस्ती, सुलभ और मानव-केंद्रित तकनीक उपलब्ध कराकर भारत एक नैतिक नेतृत्व स्थापित कर सकता है।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भविष्य की संरचना का प्रारूप है। यहाँ से निकले संकल्प यदि नीति और क्रियान्वयन में रूपांतरित होते हैं तो भारत तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम बढ़ा सकेगा। यह अवसर है कि हम एआई को केवल आर्थिक लाभ का साधन न मानें, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन और मानव कल्याण के माध्यम के रूप में देखें। आज जब दुनिया में मानवीय मूल्यों का क्षरण चिंता का विषय है, तब भारत के पास अवसर है कि वह तकनीक और नैतिकता के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करे। एआई का विकास यदि करुणा, समावेशन और सतत विकास के आदर्शों के साथ हो तो यह मानवता के लिए वरदान सिद्ध होगा। भारत को अपने युवाओं, शोधकताओं और नीति-निमार्ताओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई की यात्रा मानवता के उत्थान की यात्रा बने, न कि केवल प्रतिस्पर्धा और वर्चस्व की। निस्संदेह, ऐसे वक्त में जब कृषि से लेकर चिकित्सा तक और उत्पादन के क्षेत्र में एआई व रोबोटिक्स की दखल बढ़ रही है, प्रचुर श्रमशक्ति की उपलब्धता के बावजूद भारत को समय के साथ कदमताल करनी होगी। हमें एआई व रोबोटिक्स को अपनाना ही होगा। लेकिन सावधानी के साथ ताकि यह नौकरी खाने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला बने। समय की पुकार है कि हम तकनीकी प्रगति को राष्ट्रीय संकल्प में बदलें। शिक्षा, अनुसंधान, कौशल विकास और नैतिक नेतृत्व के सहारे भारत एआई युग में एक नई पहचान गढ़ सकता है। यदि हम चुनौतियों को स्वीकार कर दूरदर्शिता से आगे बढ़ें तो यह युग भारत के लिए केवल तकनीकी उन्नति का नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व और मानवीय पुनर्जागरण का युग सिद्ध हो सकता है।

# विकास का संकल्पः ट्रिपल इंजन से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर

ललित गर्ग

वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य की रूपरेखा है। सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है। ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरूआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है।

दिल्ली लखपति बिटिया योजना, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे। उनका यह भी कहना है कि ट्रिपल इंजन की व्यवस्था-अर्थात केंद्र, राज्य और नगर निकाय में एक ही राजनीतिक नेतृत्व के कारण विकास कार्यों में समन्वय और गति दोनों आई है। ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य



अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। यदि यह प्रयास निरंतरता से जारी रहा तो दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी के अनुरूप विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का दावा किया गया है। पिछले वर्षों में शिक्षा मॉडल को लेकर जहां एक ओर प्रशंसा हुई, वहीं भवनों की गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग और परिणामों पर सवाल भी उठे। नई सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह शिक्षा को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर वास्तविक गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य करे।

परिवहन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी गति लाने का प्रयास हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, बस बेड़े के आधुनिकीकरण और सड़कों के सुधार की योजनाएं केंद्र और राज्य के समन्वय से आगे बढ़ रही हैं। दिल्ली मेट्रो पहले से ही राजधानी की जीवनरेखा रही है, अब किराए में राहत या छात्रों के लिए विशेष प्रावधान जैसे कदम यदि लागू होते हैं तो इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली पर ध्यान देना आवश्यक है। एक वर्ष में कुछ परियोजनाओं को गति मिली है, किंतु राजधानी जैसे विशाल महानगर में ठोस परिणामों के लिए निरंतर प्रयास अपेक्षित हैं। सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण और वायु प्रदूषण की है। बीते दशक में दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी। यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है। मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं का उल्लेख किया है-जैसे हरित आवरण बढ़ाना, निर्माण कार्यों पर निगरानी, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय। परंतु यह भी सत्य है कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल घोषणाओं से संभव नहीं, इसके लिए कठोर क्रियान्वयन, क्षेत्रीय सहयोग और जनसहभागिता की आवश्यकता होगी। यमुना की सफाई भी दिल्ली की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। वर्षों से यमुना शुद्धिकरण के नाम पर योजनाएं बनती रहीं, बजट खर्च होता रहा, पर परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। वर्तमान सरकार ने यमुना को स्वच्छ और पर्यटन योग्य बनाने का संकल्प दोहराया है। यदि सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट नियंत्रण और नदी तट के पुनर्विकास की योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो यह दिल्ली की छवि को नया आयाम दे सकती हैं। यमुना का पुनर्जीवन केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुत्थान का भी अवसर है।

महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे लखपति बिटिया योजना-सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसी पहल घरेलू अर्थव्यवस्था में राहत देती है, विशेषकर निम्न आय वर्ग के लिए। किंतु इन योजनाओं की सफलता क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी। एक वर्ष की अवधि किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी नहीं होती, विशेषकर तब जब उसे पिछली सरकारों की अधूरी परियोजनाओं और व्यवस्थागत खामियों को भी दुरुस्त करना हो।

## कहानी

### हाथी और गौरैया

किसी पेड़ पर एक गौरैया अपने पति के साथ रहती थी। वह अपने घोंसले में अंडों से चूजों के निकलने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। एक दिन की बात है गौरैया अपने अंडों को से रही थी और उसका पति भी रोज की तरह खाने के इन्तेजाम के लिए बाहर गया हुआ था। तभी वहां एक गुस्सैल हाथी आया और आस-पास के पेड़ पौधों को रौंदते हुए तोड़-फोड़ करने लगा। उसी तोड़ फोड़ के दौरान वह गौरैया के पेड़ तक भी पहुंचा और उसने पेड़ को गिराने के लिए उसे जोर-जोर से हिलाया, पेड़ को काफी मजबूत था इसलिए हाथी पेड़ को तो नहीं तोड़ पाया और वहां से चला गया, लेकिन उसके हिलाने से गौरैया का घोसला टूटकर नीचे आ गिरा और उसके सारे अंडे फूट गए। गौरैया बहुत दुखी हुयी और जोर जोर से रोने लगी, तभी उसका पति भी वापस आ गया, वह भी बेचारा बहुत दुखी हुआ और उन्होंने हाथी से बदला लेने और उसे सबक सिखाने का फैसला किया। वे अपने एक मित्र; जो कि एक कठफोड़वा था; के पास पहुंचे और उसे सारी बात बताई। वे हाथी से बदला लेने के लिए कठफोड़वा की मदद चाहते थे। उस कठफोड़वा के दो अन्य दोस्त थे; एक मधुमक्खी और एक मेंढक। उन्होंने मिलकर हाथी से बदला लेने की योजना बनाई। तय योजना के तहत सबसे पहले मधुमक्खी ने काम शुरू किया। उसने हाथी के कान में गाना गुनगुनाना शुरू किया। हाथी को उस संगीत में मजा आने और जब हाथी संगीत में डूबा हुआ था, तो कठफोड़वा ने अगले चरण पर काम करना शुरू कर दिया। उसने हाथी की दोनों आँखें फोड़ दी। हाथी दर्द से कराहने लगा। उसके बाद मेंढक अपनी पलटन के साथ एक दलदल के पास गया और सब मिलकर टरार्ने लगे। मेंढकों का टरार्ना सुनकर हाथी को लगा कि पास में ही कोई तालाब है। वह उस आवाज की दिशा में गया और दलदल में फंस गया। इस तरह से हाथी धीरे-धीरे दलदल में फंस गया और मर गया।

## लोक कथा

### ढोल



किसी गरीब औरत के एक बेटा था। पैसे वालों के यहाँ चौका-बासन करके वह अपना और बेटे का पेट पालती थी। बेटे को वह कभी ढंग के कपड़े नहीं पहना सकी और न ही कभी उसके लिए खिलौना ला सकी। एक दिन चौका-बासन के बदले मिले अनाज को हाट में बेचने जाते समय उसने बेटे से पूछा, बोल, तेरे लिए हाट से क्या लाऊँ? बेटे ने झट जवाब दिया, ढोल! माँ, मेरे लिए एक ढोल ले आना! माँ जानती थी कि उसके पास कभी इतने पैसे नहीं होंगे कि वह बेटे के लिए ढोल खरीद सके। वह हाट गई, वहाँ अनाज बेचा और उन पैसों से कुछ बेसन और नमक खरीदा। उसे दुख था कि वह बेटे के लिए कुछ नहीं ला पाई। वापस आते हुए रास्ते में उसे लकड़ी का एक सलौना टुकड़ा दिखा। उसने उसे उठा लिया और आकर बेटे को दे दिया। बेटे के कुछ समझ में नहीं आया कि उसका वह क्या करे। फिर भी वह खेलने के लिए गया तो उसे अपने साथ ले गया। एक बुढ़िया चूल्हे में उपले जलाने की कोशिश कर रही थी, पर सीले उपलों ने आग नहीं पकड़ी। चारों तरफ धुआँ ही धुआँ हो गया। धुएँ से बुढ़िया की आँखों में पानी आ गया। लड़का रुका और पूछा कि वह रो क्यों रही है। बुढ़िया ने कहा कि चूल्हा नहीं जल रहा है। चूल्हा नहीं जलेगा तो वह रोटी कैसे बनाएगी! लड़के ने कहा, मेरे पास लकड़ी का टुकड़ा है। चाहो तो उससे आग जला लो! बुढ़िया बहुत खुश हुई। उसने चूल्हा जलाया, रोटियाँ बनाईं और एक रोटी लड़के को दी। रोटी लेकर वह चल पड़ा। चलते-चलते उसे एक कुम्हारिन मिली। उसका बच्चा मिट्टी में लोटते हुए जोर-जोर से रो रहा था। लड़का रुका और पूछा कि वह रो क्यों रहा है। कुम्हारिन ने कहा कि वह भूखा है और घर में खाने को कुछ नहीं है। लड़के ने अपनी रोटी बच्चे को दे दी। बच्चा चुप हो गया और बगर-बगर खाने लगा। कुम्हारिन ने उसका बहुत गुन माना और एक घड़ा दिया। वह आगे बढ़ा। चलते-चलते वह नदी पर पहुँचा। वहाँ उसने धोबी और धोबिन को झगड़ते हुए देखा। लड़के ने रुककर धोबी से चिल्लाने और धोबिन को पीटने का कारण पूछा। धोबी ने कहा, पीटूँ नहीं तो क्या करूँ? ससुरी ने घड़ा फोड़ दिया! अब मैं कपड़े किस में उबालूँ? लड़के ने कहा, झगड़ा मत करो! मेरा घड़ा ले लो! इतना बड़ा घड़ा पाकर धोबी खुश हो गया। बदले में उसने लड़के को एक कोट दिया। कोट लेकर लड़का चल पड़ा। चलते-चलते वह एक पुल पर पहुँचा। वहाँ उसने एक आदमी को ठंड से ठिठुरते हुए देखा। बेचारे के शरीर पर कुर्ता तक नहीं था। लड़के ने उससे पूछा कि उसका कुर्ता कहाँ गया। आदमी ने बताया, मैं इस घोड़े पर बैठकर शहर आ रहा था। रास्ते में डाकुओं ने सब छीन लिया। और तो और, कुर्ता तक उतरवा लिया। लड़के ने कहा, चिंता मत करो! लो, यह कोट पहन लो! आदमी ने कोट लेते हुए कहा, तुम बहुत भले हो। मैं तुम्हें यह घोड़ा भेंट करता हूँ। लड़के ने घोड़ा ले लिया। थोड़ा आगे उसने एक बारात को देखा। लेकिन दूल्हा, बराती, गाने-बजाने वाले सब मुँह लटकाए हुए पेड़ के नीचे बैठे थे। लड़के ने पूछा कि वे उदास क्यों हैं। दूल्हे के पिता ने कहा, हमें लड़की वालों के यहाँ जाना है, पर दूल्हे के लिए घोड़ा नहीं है। जो घोड़ा लेने गया वह अभी तक लौटा नहीं। दूल्हा पैदल तो चलने से रहा! पहले ही बहुत देर हो गई है। कहीं विवाह का मुहूर्त न निकल जाए! लड़के ने उन्हें अपना घोड़ा दे दिया। सबकी बाँछें खिल गईं। दूल्हे ने लड़के से पूछा कि वह उसके लिए क्या कर सकता है। लड़के ने कहा, कुछ खास नहीं। आप मुझे यह ढोल दिला दें! दूल्हे ने ढोल बजाने वाले से उसे ढोल दिला दिया। लड़का भागा-भागा घर पहुँचा और ढोल बजाते हुए माँ को बताया कि उसकी दी लकड़ी से उसने ढोल कैसे प्राप्त किया।

## यमुनाजी में प्रवासी पक्षी

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

उनके कम आने का दोष, ग्लोबल क्लाइमेट चेंज को दे सकते हैं। बाईस किलोमीटर में फैली यमुनाजी के प्रदूषित होने का दूसरा कारण, प्रदूषण को मान सकते हैं क्यूंकि बार बार बताया यही जाता है कि लगभग दो दर्जन नाले यमुनाजी के पानी को घेरे रहते हैं। सुना है वहां कूड़ा कचरा भी विसर्जित किया जा रहा है।

सर्दी के मौसम में विदेशी पक्षी दूर दूर से, हमारी झीलों और नदियों में कुछ समय के लिए रहने, प्रेम करने और प्रजनन जैसे महत्त्वपूर्ण काम के लिए आते हैं। इस बहाने वे विदेश भ्रमण का मजा भी लेते हैं। शायद हमारे देश के पक्षी भी विदेश जाते होंगे। उन्हें वहां का साफ सुथरा स्वच्छ पर्यावरण बहुत पसंद आता होगा। इधर हमारे जागरूक मीडिया की खबरें बताती हैं कि पिछले दिनों, कुछ विदेशी पक्षियों ने यमुनाजी में प्रवास करने से इनकार कर दिया। हमारे पारदर्शी ईमानदार, संजीदा गणना करने वाले ऐसा कह रहे हैं। उनके अनुसार आने वाले पक्षियों की संख्या पिछले साल से कम है। यमुनाजी का अर्थ पवित्र नदी यमुनाजी से है जिसे देश के करोड़ों लोगों में से कुछ को छोड़कर मां का दर्जा देते हैं। काफी लोग नहीं भी मानते होंगे लेकिन कई रास्तों से बहकर आती सूचनाएं बताती हैं कि यमुनाजी बहुत कूड़ा कचरा वाली हालत में हैं। दशकों की कोशिशें, गहरी योजनाएं और जी तोड़ राजनीतिक मेहनत यमुनाजी को बेहतर हालत में नहीं ला सकी। हो सकता है विदेशी पक्षी इस बात को समझ गए हों।

उनके कम आने का दोष, ग्लोबल क्लाइमेट चेंज को दे सकते हैं। बाईस किलोमीटर में फैली यमुनाजी के प्रदूषित होने का दूसरा कारण, प्रदूषण को मान सकते हैं क्यूंकि बार बार बताया यही जाता है कि लगभग दो दर्जन नाले यमुनाजी के पानी को घेरे रहते हैं। सुना है वहां कूड़ा कचरा भी विसर्जित किया जा रहा है। यह भी सुनने में आता रहता है कि विकासजी ने वहां भी विकास करने का राष्ट्रीय ठेका लिया हुआ है जो यमुनाजी को पसंद नहीं आता। लेकिन उसके बस में कुछ नहीं है, पानी में डूबी जमीन का निर्जीव टुकड़ा समझदार सक्रिय इंसानों का, बूंद जितना भी बिगाड़ नहीं सकता । यह संभव हो सकता है कि कमबख्त कोहरे के कारण, पक्षियों की गणना उचित तरीके से न हो सकी हो। पक्षियों की गिनती करना मजाक नहीं है। पता नहीं यह सही है या गलत, कुछ



पक्षियों के भी नखरे होते हैं। वे प्रदूषित पानी में ज्यादा समय तक नहीं रह पाते। मनचाहा खाना मुश्किल से मिलता है। यमुनाजी के आसपास फैले कचरे में से खाने के लिए ढूंढना पड़ता है। विदेशी पक्षी हैं, स्थानीय इंसान तो नहीं हैं जो यमुनाजी के गंदगी भरे पानी में नहा लें। पक्षी इंसान की तरह तो हो नहीं सकता, वह भी इंसान की तरह व्यवहार करने लगेगा तो कुदरत के अनुशासन का क्या होगा। हमें विदेशी पक्षियों से क्या लेना वे कम आएं या ज्यादा। हम तो उनका शिकार भी नहीं कर सकते। हमारे पास तो स्थानीय पशुओं की देखभाल करने का समय नहीं है पक्षियों की बात कौन करे। हमारे पास दूसरे जरूरी सामाजिक काम हैं। वैसे भी देसी या विदेशी पक्षी, प्रकृति के बच्चे हैं। प्रकृति को ही सोचना विचारना चाहिए, ध्यान रखना चाहिए कि उनके बच्चों को कहां जाना चाहिए कहां नहीं । इंसान को कोई फर्क नहीं पड़ता क्यूंकि वह पक्षी नहीं है।

वह तो यमुनाजी में क्रूज और झाग दोनों का मजा ले सकता है। हो सकता है भविष्य में पक्षियों को यहां का नया पर्यावरण लुभा ले और यह खबर छपे कि यमुनाजी में प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# कॉलेज प्रबंधन की मनमानी से छात्रा बोर्ड परीक्षा से वंचित

छात्रा का आरोप कॉलेज प्रबंधन ने नहीं दिया छात्रा को प्रवेश पत्र

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** एक इंटर कॉलेज प्रबंधन की मनमानी छात्रा के भविष्य पर भारी पड़ गई। कॉलेज प्रबंधन ने मनमानी करते हुए छात्रा का प्रवेश पत्र नहीं दिया, जिसके चलते छात्रा बोर्ड परीक्षा से वंचित हो गई। अब एक साल के लिए छात्रा का भविष्य अंधकारमय हो गया है। मामले की शिकायत छात्रा ने डीएम मैनपुरी से की है। गांव थोरवा निवासी तनवी पुत्री विपिन कुमार ने बताया कि वह बाबूराम इंटर कॉलेज आठपुरा ज्योती रोड पर इस बर्ष इंटरमीडियट की छात्रा है। छात्रा तनवी के आरोप है कि बोर्ड परीक्षा से पहले ही उन्होने कॉलेज की पूरी फीस जमा कर दी थी, इसके बाबजूद भी कॉलेज प्रबंधन द्वारा परीक्षा में जाने के लिए प्रवेश पत्र नहीं दिया गया, प्रवेश पत्र न मिल पाने की बजह से वह बोर्ड परीक्षा से वंचित हो गई।

छात्रा तनवी का कहना है कि बोर्ड परीक्षा से पहले ही उसने मामले की शिकायत डीएम से की थी, छात्रा का कहना है कि अगर समय रहते मामले में कार्रवाई की जाती तो शायद वह आज बोर्ड परीक्षा से वंचित नहीं हो पाती। अब इस मामले में केवल एक ही बात है कि कॉलेज प्रबंधन की मनमानी एक छात्रा के भविष्य पर भारी नजर आ रहीं है। छात्रा तनवी शनिवार को भी डीएम ऑफिस शिकायत करने पहुंची, जहां पर उसने पिता के साथ शिकायत करके कॉलेज के जिम्मेदारो पर कार्रवाई की मांग की, छात्रा ने बताया कि जब वह कॉलेज में प्रवेश पत्र लेने के लिए गई तो कह दिया कि बोर्ड परीक्षा रजिस्ट्रेशन ही नहीं हो पाया, कॉलेज प्रबंधन ने इसे स्टाफ की गलती कहते हुए पल्ला झाड़ लिया।

### बेटी का एक साल बर्बाद हो गया

छात्रा तनवी के पिता ने बताया कि कॉलेज के जिम्मेदार पदो पर बैठे स्टाफ की बजह से उनकी बेटी का एक साल बर्बाद हो गया। उन्होंने पूरी मेहनत से फीस भरी थी और बेटी ने भी साल भर लगन से पढ़ाई की थी। जब परीक्षा का समय आया, तो कॉलेज प्रबंधन ने गलती से रजिस्ट्रेशन न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

### क्या बोले डीएम मैनपुरी

इस संबंध में शिकायत जो की गई, जिसके आधार पर जांच कराई जाएगी, जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई कराई जाएगी, कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही मामले में सामने आती है तो कार्रवाई कराई जाएगी।

– अंजनी कुमार सिंह, डीएम मैनपुरी।

## शिक्षकों ने सीखे आधुनिक शिक्षा के गुर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे सामाजिक विषय आधारित प्रशिक्षण के दूसरे दिन शिक्षकों को शिक्षण की आधुनिक पद्धतियों और डिजिटल माध्यमों के समावेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

शनिवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षक धीरज कुमार, अशोक पाल ने शिक्षको को प्रशिक्षण देते हुये बताया कि शिक्षक विधालयो मे किताबी ज्ञान को आधुनिक तकनीक और रोचक गतिविधियों से जोडे इससे शिक्षा के नये मापदण्ड स्थापित होगे। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है छात्रों को क्रिटिकल थिंकिंग और मैप रीडिंग जैसे कौशलों में निपुण बनाना आवश्यक है। प्रशिक्षण मे जनपद के 92 शिक्षको ने भाग लिया।

# पांच लाख कृषक बीमा चेक पाते ही छलके विधवा के आंशू

तहसील में आश्रित विधवा महिला को एसडीएम ने चेक सौंपा

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**कुरावली/मैनपुरी।** शनिवार को तहसील सभागार मे एसडीएम नीरज द्विवेदी द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत मृतक किसान की आश्रित पत्नी को पांच लाख का चेक सौपा गया, चेक मिलते ही मृतक की विधवा पत्नी के खुशी के आंशू छलक उठे, एसडीएम नीरज द्विवेदी ने ढांढस बधाते हुए कहा इन पैसो को जरूरी कार्यों मे खर्च करने की सलाह दी।

ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के गांव दहीपगार निवासी सुनीता के पति श्रीकांत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हे इलाज के ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद मे भर्ती कराया गया, हालत गंभीर होने पर जयपुर इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते 25 जून 2025 को मृत्यु हो गई थी, पति की मृत्यु के बाद मृतक की पत्नी सुनीता आर्थिक तंगी से जूझ रही थी, पांच लाख का चेक मिलने पर खुशी की झलक दिखाई पड़ी, सरकार किसानों के हित के अनेक योजनाएं चला रही जिसके तहत खाद बीज सहित अनेक लाभ दिये जा रहे है, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने बाली योजना है, इन योजनाओं को मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए लागू की है, कभी कभी खेत मे काम करते समय दैवीय आपदा से किसानों की मृत्यु हो जाती है।

इस मौके पर तहसीलदार अरबिंद गौतम, नायब तहसीलदार अखिल गोयल, खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह मौजूद रहे।

## उधारी मांगने पर दबंगो के हमला में चार घायल



मोर्निंग सिटी संवाददाता, **कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव मे उस समय हड़कंप मच गया जब एक परिवार के परिजनों पर दबंगो ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। हमले में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के गांव बिछिया विक्रमपुर निवासी सुरेश चंद्र पुत्र हवलदार सिंह यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि गांव के ही रहने बाले राधेश्याम पुत्र जगतसिंह पर लगभग 3 साल पूर्व 50 हजार रुपये उधारी के तौर पर लिये थे। बीते शनिवार को पीड़ित ने अपने उधारी के रुपये मांगे तो राधेश्याम पुत्र जगतसिंह, पंकज पुत्र राधेश्याम, सोनू पुत्र राधेश्याम, धर्मसिंह ने एक राय होते हुये गाली गलौज करने लगे जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर दी। शोरगुल की आवाज सुनकर आये मनोज पुत्र सुरेशचंद्र, पूनम देवी पत्नी मनोज कुमार, पुष्पा देवी पत्नी सुरेशचंद्र के साथ भी लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। गम्भीर हालात में पुलिस ने चारों लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय यदुवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



मोर्निंग सिटी संवाददाता, **मैनपुरी।** भारतीय यदुवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष सनी चौधरी उर्फ जयवीर ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर एक पांच सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा है। जिसमें बताया है कि महासभा के सभी पदाधिकारी व सदस्य गढ़ एक नई फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के बारे में आकर्षित करना चाहते हैं उक्त फिल्म के कुछ शीर्षक व दृश्यों को देखते हुए पूरा समाज यादव समाज बहुत ही आक्रोशित है, प्रथम दृष्टि से यह प्रतीत होता है कि यह फिल्म यादव जी की लव स्टोरी एक विशेष जाति के लोगों का अपमान किया गया है, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गरिमा को ठेस पहुंचाना है वहीं किसी भी समुदाय की भावना का अनादर करना किसी भी समाज की पहचान एवं सम्मान से खिलवाड़ करना लोकतांत्रिक मूल्य के अनुरूप नहीं है. हमारे निम्नलिखित मांगे हैं उक्त फिल्म के प्रदर्शन पर जनहित को देखते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, फिल्में कोई आपत्तिजनक दृश्य हो तो तत्काल रूप से हटाया जाए संबंधित प्राधिकारी एवं सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्म के प्रमाणन पर पुनर्विचार किया जाए।

## नामजदों ने गालियां देकर की मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता, **किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव कत्तरा निवासी लाली पुत्री बारेलाल यादव ने पुलिस से शिकायत की है। बताया दिनांक 19 फरवरी सुबह करीब 7 बजे खेत में लेट्रिन करने पर गांव की महिला श्रीदेवी पत्नी जयवीर यादव ने गालियां देते हुए लात घुसो डंडों से मारपीट करने लगे। जबकि खेत में वह लैट्रिन कर रही थी जब कहा सुनी की तो उपरोक्त व इसके पति जयवीर पुत्र हाकिम सिंह व अजय यादव पुत्र जयवीर सिंह ने गाली गलौज कर मारपीट को दौड़ पड़े। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नामजद आलू की फसल में भर देते है पानी

मोर्निंग सिटी संवाददाता, **किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव चित्तपुर निवासी माया देवी पत्नी बॉबी सिंह यादव ने पुलिस से शिकायत की है। बताया उनके गांव के नामजदों द्वारा 1 वर्ष से आलू की फसल के खेत में पानी भरकर नुकसान करते हैं। शनिवार सुबह करीब 8 बजे कहासुनी की तो गालियां देते हुए लात घूंसों व डंडो से मारपीट करने लगे। पीड़िता का आरोप है आलू की फसल में पानी भरने से करीब उनका 5 हजार रुपए इस वर्ष नुकसान हो गया है। पिछले वर्ष 10 पैकेट का नुकसान किया था पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नामजद नहीं बनाने दे रहे मकान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव चितायन निवासी खुशबू पत्नी धर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को शिकायत की है। बताया उनकी आराजी गाटा संख्या 1214/0.405 हे चितायन में स्थित है जिसमें उनकी सास की समाधि है।

उनके पास मकान बनाने के लिए कोई जगह नहीं है इसलिए उन्होंने अपने हिस्से आराजी में मकान बनाना चाहती हैं। उनके पति एक एक्सीडेंट में घायल हो गए जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ईंटें लेकर रखी है जिस की दीवार बनाकर टीन करबाकर रहना चाहती हैं लेकिन हिस्सेदार उनका घर बनवाने से रोक रहे हैं। वह अपने बच्चों को लेकर किराए पर रह रही है। पीड़िता ने एसडीएम गोपाल शर्मा से लेखपाल व पुलिस द्वारा जांच करवाकर घर बनवाने की मांग की है।

# किसी भी कोर्ट में तीन बर्ष पुरानी पत्रावली अनिस्तारित न रहे

डीएम ने तहसील घिरोर के न्यायालयों का किया औचक निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील घिरोर में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार घिरोर के न्यायलयों के निरीक्षण के दौरान धारा-34 सहित विभिन्न धाराओं में दायर वादों के समय से निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कोर्ट में तीन वर्ष पुरानी कोई पत्रावली अनिस्तारित न रहे। उन्होंने तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण के दौरान नीलेश कुमार बनाम जमादार सिंह की धारा-34 की पत्रावली के निरीक्षण के दौरान पत्रावली में कई खाली पन्ने हस्ताक्षर किए हुए लगे पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हस्ताक्षर किए गए खाली पन्ने संदेह व्यक्त करते हैं, हस्ताक्षर किए गए खाली पन्नों पर कुछ भी लिखकर वाद को प्रभावित किया जा सकता है। उन्होंने तहसीलदार को हिदायत देते हुए कहा कि कोर्ट की पत्रावलियों पर स्वयं पैनी नजर रखें साथ ही प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

श्री सिंह ने नजारत अनुभाग के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर नंबर 04, डेड स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियां मानक के अनुसार न पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तहसीलदार को निर्देशित किया कि नाजिर को पंजिकाओं, पत्रावलियों को अद्यावधिक रखने हेतु प्रशिक्षित किया जाए, नाजिर द्वारा रजिस्टर नंबर-04 में रू. 24 लाख 79 हजार दशार्या गया है जबकि उक्त धनराशि बैंक खाते में जमा करायी जा चुकी है लेकिन नाजिर द्वारा रजिस्टर नंबर-04 से खारिज नहीं किया गया है, रजिस्टर नंबर-04 में नीलामी से रू. 53 हजार एवं मत्स्य आवंटन से रू. 02 हजार जमा किया गया है, जिसे नाजिर द्वारा लगभग एक माह बाद बैंक खाते में जमा कराया गया, इसी प्रकार स्थाई स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किये जाने वाले सामान को अस्थाई रजिस्टर में अंकित किया गया है, जो नियमानुसार ठीक नहीं है। उन्होने संग्रह अनुभाग के निरीक्षण के दौरान जानकारी करने पर पाया कि तहसील घिरोर में 08 संग्रह अमीन एवं 04 संग्रह सेवक तैनात है, अनुभाग प्रभारी से अमीनों द्वारा रसीद के माध्यम से माह फरवरी में कितनी धनराशि जमा कराई गई है, की जानकारी करने पर अनुभाग प्रभारी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, जिस पर उन्होंने तहसीलदार से कहा कि माह फरवरी में अमीनों द्वारा रसीद के माध्यम से कितनी धनराशि वसूली की गई, का विवरण तैयार कर प्रस्तुत करें।

### कोर्ट से तीन तीन प्रतियो परवाने जारी किए जाएं

डीएम ने रजिस्ट्रार कानूनगो अनुभाग के निरीक्षण के दौरान कहा कि तहसीलदार, उप जिलाधिकारी कोर्ट से 03 प्रतियों में परवाने जारी किए जाएं, 01 प्रति आर. के. अनुभाग में एवं 01 प्रति कंप्यूटर अनुभाग को उपलब्ध कराई जाए, परवाना प्राप्त होते ही रजिस्ट्रार कानूनगो उसकी प्रविष्टि आर-6 में करना सुनिश्चित करे, जानकारी करने पर रजिस्ट्रार कानूनगो ने बताया कि एस.डी.एम. कोर्ट से प्राप्त परवाने आर-06 में लाल स्याही से एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार कोर्ट से प्राप्त परवाने नीली स्याही से एवं कुर्की के परवाने भी लाल स्याही से आर.-06 में दर्ज किये जा रहे हैं। उन्होंने रजिस्ट्रार कानूनगो को पुरानी खतौनी, आर-06 रजिस्टर, पुरानी गार्ड फाइल को अभिलेखागार में जमा कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

### रिक्त दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएं

उन्होंने आपूर्ति अनुभाग के निरीक्षण के दौरान पाया की तहसील घिरोर क्षेत्रांतर्गत 72 कोटा डीलर है, जिसमें से 02 दुकानें रिक्त चल रही है, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी को तत्काल रिक्त दुकानों के प्रस्ताव कर नियमानुसार आवंटन की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया, पूर्ति निरीक्षक से जानकारी करने पर पाया कि तहसील घिरोर में 27412 पात्र गृहस्थ, 114075 अन्त्योदय कुल 31377 राशन कार्ड धारक हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी घिरोर प्रसून कश्यप, तहसीलदार कमलेश कुमार, अनिल कुमार सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# बैनामा कराने के बाद तत्काल क्रेता से मौके पर करें कब्जा प्राप्त

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं पीड़ितो की शिकायतें, दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील घिरोर में जन-शिकायतें सुनने के दौरान जब जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के सम्मुख ग्राम अल्लापुर पचावर नि. शीला ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके गाटा संख्या-1851 में पट्टा आवंटित हुआ था, उक्त आवंटित पट्टे पर नगला मंगली के दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किया गया है, जिस पर उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल को हिदायत देते हुए कहा कि तत्काल आवंटित पट्टे की पैमाइश कराकर पट्टेदार को काबिज कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों से कहा कि कहीं भी आवंटित पट्टों पर अनधिकृत कब्जा न रहे, पट्टों पर पट्टेदार ही काबिज रहें, किसी भी हलके में सार्वजनिक भूमि यथा चकरोड़, तालाब, मरघट, विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा न रहे। श्री सिंह ने बैनामें के उपरांत क्रय की गई भूमि पर कब्जा न मिलने की शिकायतों पर शिकायतकताओं से कहा कि बैनामें में क्रय करने से पूर्व विक्रेता के बारे में जानकारी अवश्य करें, विक्रय की जाने वाली भूमि पर विक्रेता काबिज है या नहीं, भूमि पर कोई विवाद तो नहीं, की जानकारी करने के बाद ही बैनामा करायें और तत्काल क्रय की गयी भूमि पर कब्जा प्राप्त करें।

उन्होने आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी करने में विलम्ब से सम्बन्धित शिकायतों पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार से कहा कि आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्धारित समय-सीमा में जारी किये जायें, इसमें किसी भी स्तर पर विलम्ब न हो।

उन्होने अंश निर्धारण के प्रार्थना पत्र पर मौके पर ही त्वरित कार्यवाही कर अंश निर्धारण एवं हड़ाई नि. नन्दकिशोर द्वारा विरासत में अंकित गलत नाम को दुरूस्त कराने की मांग पर मौके पर ही लेखपाल से नाम दुरूस्त कराकर शिकायतकताओं को तत्काल राहत प्रदान की।

शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील घिरोर के दूर-दराज ग्रामीण अंचलों से आए 55 फरियादियों ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र निराकरण हेतु प्रस्तुत किए, जिसमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादी का तत्काल राहत प्रदान की। मौजा कोसमा मुसलमीन नि. मनोज कुमार ने गाटा संख्या-1475 घ पर किये गये अनाधिकृत कब्जे को हटवाने सहित अन्य ने शिकायत अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, उप जिलाधिकारी घिरोर प्रसून कश्यप, क्षेत्राधिकारी सच्चिदानंद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येन्द्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सोमदत्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजेश बघेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम, तहसीलदार घिरोर कमलेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव नगला केवल निवासी अवधेश कुमार पुत्र रामगोपाल दुबे ने पुलिस से शिकायत की है। बताया जमीनी मामले को लेकर शुक्रवार को दिन के करीब 10.45 बजे उनके गांव के परिवारी सत्यनारायण पुत्र बंशीधर दुबे, अभय व प्रतीक पुत्रगण आशीष दुबे ने गालियां देते हुए उनके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उनके चोटें आई हैं शोरगुल पर गांव की मौजूद लोगों ने आकर बचाया है।

दूसरे पक्ष से सत्यनारायण पुत्र स्व बंशीधर दुबे ने बताया कि जमीनी विवाद रंजिश को लेकर शुक्रवार को दिन के करीब 10.45 बजे उनके गांव के परिवारी अवधेश, अतुल व सुनील पुत्रगण राम गोपाल दुबे ने उनके दरवाजे पर आकर गालियां देते हुए उनके साथ मारपीट की मारपीट में उनके सिर,चेहरा व आंख में कई जगह चोट आ गई मौके पर मौजूद लोगों ने आकर बचाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विशेष शिविर समाज सेवा करने और व्यक्तित्व निर्माण करने का अवसर

डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में सप्त दिवसीय विशेष शिविर

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी।** शहर के करहल रोड औडेन्य पड़रिया स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) एस पी सिंह के मार्गदर्शन एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन मैनपुरी विकास खंड क्षेत्र के गांव हरचंदपुर में किया गया। जिसका महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर गण ने शिविर का उद्घाटन फीता काट कर किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जय प्रकाश यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सप्त दिवसीय विशेष शिविर की रुपरेखा प्रस्तुत कर विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) एस पी सिंह ने स्वंयसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विशेष शिविर समाज सेवा करने और व्यक्तित्व निर्माण करने का अवसर प्रदान करता है। नेतृत्व करने की क्षमता का विकास यही से शुरू होता है।

विशिष्ट अतिथि सहायक अध्यापिका मोहिनी गुप्ता ने कहा कि यह शिविर स्वयंसेवकों द्वारा समाज में विभिन्न विषयों के बारे में जागरूकता फैलाने का जरिया है। एनएसएस का सिद्धांत मैं नहीं आप जीवन जीने की कला सिखाती है जो समाज में बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है।

डॉ. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि यह शिविर आपके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। अनुशासन में रहकर समाज राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं विकसित राष्ट्र बनाएं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवी द्वारा हरचंदपुर ग्राम में साफ सफाई का कार्य किया गया, स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### समाज को जागरुक, सुंदर बनाने का काम किया

एनएसएस की समाज में भूमिका विषय पर विचार रखते हुए कहा कि समाज सेवा की भावना को लेकर चलने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने समाज को निरंतर जागरूक और सुंदर बनाने का काम किया है। सप्त दिवसीय विशेष शिविर का थीम मतदाता जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा है। स्वंयसेवी हर्षवर्धन वीरु पूर्णिमा दिशा स्नेहा अमित कुमार प्रेटी यादव भारत वैष्णवी श्वेता विवेक कुमार सफदर लक्ष्मी युवराज वीरू निलेश के द्वारा भाषण गीत नृत्य कविता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर चार चांद लगाते सभी का मन मोह लिया।

### अनुशासन जीवन जीने की कला सिखाता

वरिष्ठ स्वयंसेवक अमित कुमार एडवोकेट यूथ लॉयर जिला मैनपुरी ने एनएसएस पर विचार रखते हुए समाज राष्ट्र निर्माण के विषय में स्वयंसेवकों को जागरुक कर प्रेरित किया। विवेक कुमार वरिष्ठ स्वयंसेवक ने अनुशासन जीवन जीने की कला सिखाता है, के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी अंकिता टिंगल एवं अनुप्रिया ने किया। सभी अतिथियों का धन्यवाद आभार प्रकट स्वंयसेवी प्रेटी यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अजय प्रताप सिंह डॉ जय प्रकाश यादव कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस सहायक अध्यापिका मोहिनी गुप्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं ग्रामीणवासी मोजूद रहे।

# समाज के उत्थान के निकाली जा रहीं रथयात्रा

ज्योति कलश रथ यात्रा महोत्सव का स्वागत किया

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कुसमरा/मैनपुरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में ज्योति कलश रथ यात्रा महोत्सव का नगर आगमन पर मां सरस्वती ज्ञान मन्दिर इंटर कालेज के बच्चों कलशयात्रा का पूजन कर स्वागत किया। कालेज के प्रबंधक अरुण आचार्य ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर सन्त केडी मिश्रा ने कहा कि ज्योति कलश रथयात्रा महोत्सव का उद्देश्य समाज में वातावरण का परिमार्जन, सामाजिक एकता, घर घर में गायत्री और यज्ञ की स्थापना, समरता का भाव, आध्यत्मिक और संगठनात्मक शक्ति का सृजन व परिवार औ? समाज का उत्थान है। जिसके लिए हम सबको प्रयासरत रहना होगा।रथयात्रा में दिनेश गुप्ता, उदयप्रकाश यादव, डॉ राजीव कुमार, सीमा सिंह, कमला मिश्रा, कीर्ति आदि उपस्थित थे। नगर आगमन पर कालेज के प्रधानाचार्य कमलेश यादव, आशीर्वाद मिश्रा, प्रभाकांत मिश्रा, राजवीर पाल, शिवम यादव, राजीव त्रिपाठी, कमलेश कुमार, ब्रजेश यादव, सुभाष चन्द्र, जितेंद्र कुमार, माया प्रकाश शाक्य, वेदिका, सलौनी शाक्या, दिव्या, ज्योति, पलक, सोनी तिवारी, आकांक्षा शाक्य, अस्मिता यादव, शिवानी सहित दर्जनों शिक्षकों ने स्वागत किया।

# आज होगा विशेष बूथ दिवस का आयोजन

## राजनैतिक दलों के साथ बैठक में डीएम ने दी जानकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि 22 फरवरी को भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विशेष बूथ दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 01 जनवरी 26 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक वयस्क से फार्म-6 भरवाकर जमा कराए जाएंगे इसके अतिरिक्त सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर जारी किए गए नोटिस पर सुनवाई करेंगे।

डीएम ने कहा कि ऐसे मतदाता जिन्हें पूर्व में नोटिस उपलब्ध कराए गए थे और वह किसी कारणवश निर्धारित तिथि को सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हो सके, वह भी कल अपने बूथ पर उपस्थित होकर अपने प्रमाण पत्र ए.ई.आर.ओ. को उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से कहा कि कल विशेष तिथि के दिन अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से ऐसे वयस्क युवाओं, जिन्होंने अभी तक फार्म-6 भरकर जमा नहीं किये है, उनसे फॉर्म जमा करने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करायें ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि जनपद में 02 लाख 77 हजार 379 नोटिस जारी किए जाने थे जिसके सापेक्ष 02 लाख 24 हजार 699 नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जारी किए गए नोटिस के सापेक्ष 01 लाख 44 हजार 958 पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सुनवाई भी की जा चुकी है।

श्री सिंह ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनीक्षण अभियान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 06 मार्च तक दावे, आपत्तियां, 27 मार्च तक नोटिस जारी, सुनवाई और सत्यापन एवं निस्तारण की कार्यवाही की जायेगी, 03 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों की जॉच होगी तथा 10 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन होगा। उन्होने कहा कि नोटिस सुनवाई की अंतिम तिथि, जो पूर्व में फरवरी माह के अंत तक निर्धारित थी, उसे बढ़ाकर 27 मार्च कर दिया गया है, अब नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज से संबंधित सभी प्रकरणों की सुनवाई 27 मार्च तक की जाएगी।

### बूथ पर जाकर सुनवाई की व्यवस्था

उन्होने कहा कि सुझावों के आधार पर अब सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सीधे केंद्र एवं बूथ स्तर पर जाकर सुनवाई की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है, आगामी विशेष अभियान के दिन सभी ए.ई.आर.ओ. को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही करेंगे। उन्होने कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण बी.एल.ओ. के माध्यम से भी संभव है यदि संबंधित व्यक्ति के अभिलेख पूर्ण हैं तो बी.एल.ओ. ऐप के जरिए दस्तावेज अपलोड कर प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है, जिसके लिए आमजन को जागरूक किया जाना आवश्यक है।

### बैठक में यह रहे मौजूद

इस दौरान जिलाध्यक्ष कॉग्रेस गोपाल कुलश्रेष्ठ, भारतीय जनता पार्टी से करनपाल सिंह चौहान, भूपेन्द्र यादव, सपा से राम नारायण बाथम, राजीव कुमार, बसपा से डा. अवनीश शाक्य, अर्जुन पाल, कांग्रेस से डा. नवीन शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट की शक्ति रसोई में जिलाधिकारी का निरीक्षण, मेहनतकश महिलाओं का बढ़ा हौसला

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** अलीगढ़ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शक्ति रसोई (परी बचत महिला समूह) में आज उस समय उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला, जब संजीव रंजन (जिलाधिकारी अलीगढ़) ने स्वयं पहुंचकर रसोई का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समूह संचालिका प्रेमलता सिंह एवं उनकी पूरी टीम की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि अधिकारियों, नाजिर साहब व कर्मचारियों के साथ कैंटीन में कॉफी का लुत्फ उठाया और रसोई की गुणवत्ता की खुलकर प्रशंसा की। ह्लमेहनतकश हाथों को सरकार का साथह्लजिलाधिकारी संजीव रंजन

ने महिलाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मेहनतकश महिलाओं को आगे भी शासन की योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। उनके शब्दों ने समूह की महिलाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। प्रेमलता सिंह ने जताया आभारइस अवसर पर समूह संचालिका प्रेमलता सिंह ने अपनी पूरी टीम की ओर से संजीव रंजन जिलाधिकारी, किशुक श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी सिटी, पंकज कुमार , अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अलीगढ़ महिमा सिंह एसडीएम, एवं गजेंद्र सिंह, विजय कृष्ण आर्य, रोहन सिंह, विजय कुमार, अरुण कुमार शर्मा, उमेश कुमार, मनोज कुमार, श्रीमती सावित्री देवी, निरंकार सिंह, ललित कुमार, अशोक कुमार, नेहा, उषा, सरोज अजीत का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह सहयोग और प्रोत्साहन उनके कार्य को और अधिक मजबूती देगा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार मनोज अलीगढ़ी भी मौजूद रहे।

# एसआईआरः आज बूथो पर बैठेंगे बीएलओ

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** एसआईआर के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची के सुधार का कार्यक्रम जारी है। जिन मतदाताओं को वोटर लिस्ट में अपना नाम दुरुस्त करवाना है। जिनको नाम बढ़वाना अथवा संशोधन करवाना है वह करवा सकते हैं। उप जिला अधिकारीसंध्या शर्मा ने बताया कि 22 फरवरी को सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विषेश प्रगाढ़ पुनरीक्षण गतिमान है। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए 6 मार्च तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। पात्र मतदाताओं से प्रारूप 6 में नाम बढाने के लिए तथा प्रारूप-7 के माध्यम से वोटर लिस्ट से नाम हटवाया जा सकता है। उप जिलाधिकारी ने कहा कि 22 फरवरी रविवार को समस्त बूथों पर संबंधित बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

# बेटी अलफिया को पाकर चेहरे पर लौटी खुशी

## घिरोर पुलिस ने तीन घंटे में मासूम को तलाशा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**घिरोर/मैनपुरी।** पुलिस के ध्येय वाक्य सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा को चरितार्थ करते हुए थाना घिरोर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बाजार में अपनी मां से बिछड़ी 4 वर्षीय मासूम बच्ची को कड़ी मशक्कत के बाद मात्र 3 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद मैनपुरी के थाना दन्नाहार अंतर्गत ग्राम घुराई निवासी रेशमा पत्नी वकील अपनी 4 वर्षीय बेटी अलफिया के साथ शनिवार दोपहर करीब 2 बजे घिरोर बाजार आई थी। भीड़भाड़ के दौरान अचानक मासूम अलफिया अपनी मां से बिछड़ गई। बच्ची के गायब होने से बदहवास परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुरावली सच्चिदानंद सिंह के सफल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अनुज चौहान ने तुरंत टीम गठित की। उपनिरीक्षक सुरेश सिंह और उनकी टीम ने क्षेत्र में ऑपरेशन मुस्कान के तहत सघन तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस की सक्रियता का परिणाम रहा कि महज 3 घंटे के अंदर बच्ची को ढूंढ निकाला गया।

थाना पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अलफिया को उसकी मां रेशमा और परिजन भूरा पुत्र रामसिन के सुपुर्द कर दिया। अपनी लाड़ली को दोबारा सीने से लगाकर मां की आंखों में आंसू छलक आए। परिजनों ने मैनपुरी पुलिस की इस तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# जैन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर मुनिराज के द्वितीय महाप्रयाण दिवस पर 48 दीपों के साथ हुई श्री भक्तामर महाअर्चना

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** खिरनी गेट स्थित श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगंबर जैन ट्रस्ट मंदिर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनिराज के द्वितीय महाप्रयाण दिवस पर के पावन अवसर पर श्री दिगम्बर जैन महासमिति एवं जैन समाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 48 दीपों के साथ हुई श्री भक्तामर स्त्रोत महाअर्चना पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक जगवीर किशोर जैन पूर्व एमएलसी,राजीव जैन ,संजय जैन परिवार रहे। श्रावक श्राविकाओं ने चांदी के 48 दीपकों से रिद्धि सिद्धि मंत्रों के साथ दीप अर्पित करते हुए श्री भक्तामर महाअर्चना की। जैन धर्म में श्री भक्तामर स्त्रोत की महिमा का संध्या के समय 48 दीपकों के साथ में 48 श्लोकों के प्रत्येक स्तोत्र में दीप प्रज्ज्वलित कर अपार पुण्य का संचय होता। इसमें प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ की महिमा और गुणों का वर्णन करते हैं इसके नियमित पाठ से मन को शांति और व्यापार में उन्नति मिलती है। कार्यकम का निर्देशन आरती जैन मैनपुरी एवं संचालन रचना जैन ने किया। इस मौके पर विमलकांत जैन,अजयकांत जैन,विजयकांत जैन ,संजयकांत जैन मैनपुरी,विनोद जैन ,अंकुर जैन ,सासनी, विजय कुमार जैन,नरेंद्र कुमार जैन,सुरेश कुमार जैन गढ़ी,ज्ञानेंद्र कुमार जैन,नरेश कुमार जैन,अरुण कुमार जैन,हेमंत जैन,विनय जैन,पवन जैन,नीरज जैन,हरिकांत जैन,अतुल जैन,संजीव पाटनी,संजय जैन,मयंक जैन,कुणाल जैन,प्रकाश जैन,सत्यम जैन,कस्तूरीदेवी जैन ,इंद्रा जैन ,ममता जैन,सुनीता जैन,संगीता जैन,मधु जैन,पूर्वी जैन,निशि जैन,रजनी जैन,आशा जैन,सीमा जैन ,नीरजा जैन एवं भारी संख्या में समाज के महिला पुरुष बच्चे उपस्थित रहे।

# ब्रिलियंट पब्लिक कैंपस स्कूल में बच्चों को दी विदाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़/कासिमपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक कैंपस स्कूल कासिमपुर में शनिवार को कक्षा आठ के बच्चों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें गीत, नृत्य एवं भावनात्मक अभिव्यक्तियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनुराग चैधरी, अपर्णा सिंह,कृति सक्सेना, तृशा आदि मौजूद रहे।

# खेरेश्वर धाम में महिलाओं के अंग वस्त्र बेचने के विरोध में सड़कों पर उतरी विहिप, कलेक्ट्रेट में किया गया प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़ ।** प्राचीन खेरेश्वर धाम मंदिर में महिलाओं के अंग वस्त्र बेचने का मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। उक्त मामले के विरोध में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले भारी मात्रा में पदाधिकारी और कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए। ब्रज प्रांत मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता और पदाधिकारी हाथों में पोस्टर बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान कार्यकताओं के द्वारा नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद के द्वारा एडीएम सिटी किंशुक श्रीवास्तव को एक ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंदिर परिसर में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाने की मांग की है। शनिवार दोपहर 12:30 बजे हुए इस प्रदर्शन के दौरान मांग पूरी न होने पर विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# स्पोर्ट्स कंपलेक्स होली से पहले बनाकर होगा तैयार कम करेंगे उद्घाटन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जल्द तैयार होने वाले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 खेलों के लिए इनडोर स्टेडियम है। इसमें ओलंपिक स्तर का मिनी स्वीमिंग पूल, अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज, चेंजिंग रूम, लॉकर रूम, अतिथि कक्ष, मीडिया रूम, वीआईपी रूम, खेल कार्यालय और दर्शक दीर्घा शामिल हैं।अलीगढ़ शहर में लगभग 50 करोड़ रुपये से बन रहा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होली से पहले तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री से इसका उद्घाटन कराने के लिए महापौर लखनऊ जाकर निमंत्रण देंगे।स्मार्ट सिटी योजना से नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण 15 जून 2022 को शुरू हुआ था। करीब 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने इस कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार 14 खेलों के लिए इनडोर स्टेडियम तैयार हुआ है। इसमें ओलंपिक स्तर का मिनी स्वीमिंग पूल, अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज, चेंजिंग रूम, लॉकर रूम, अतिथि कक्ष, मीडिया रूम, वीआईपी रूम, खेल कार्यालय और दर्शक दीर्घा शामिल हैं।अलीगढ़ के खिलाड़ी यहां बास्केटबॉल, बैडमिंटन, स्विमिंग, योगा, जिम और अन्य खेल आसानी से खेल सकेंगे। 20 फरवरी को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने स्मार्ट सिटी, नगर निगम के अधिकारियों व मुख्य अभियंता बीके सिंह के साथ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को 10 दिन यानी दो मार्च तक सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिया है।स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स दो मार्च तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री के द्वारा कराया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। महापौर प्रशांत सिंघल ने बताया कि स्पोर्ट्स कंपलेक्स का होली बाद उद्घाटन किया जाएगा।यह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स जिले की पहचान बनेगा। इससे जिले में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री को निमंत्रण पत्र देने जल्द लखनऊ जाएंगे।

# बिछ्वां पुलिस ने दो फरार वारंटियों को पकड़ा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना बिछ्वां पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए काफी समय से फरार चल रहे दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार किए गए पहले अभियुक्त का नाम गिरधर पुत्र रामस्वरूप है, जो ग्राम बीलो का निवासी है। वहीं, दूसरे अभियुक्त की पहचान ग्राम नगला मनी निवासी सुनील कुमार पुत्र मौजीराम के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों को उनके निवास क्षेत्रों के पास से घेराबंदी कर पकड़ा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी आशीष दुबे के साथ उप-निरीक्षक प्रमोद कुमार, मनोज कुमार शर्मा और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इस प्रकार का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## फिल्म के टाईटल को लेकर लोगो मे गुस्सा

भोगांव/मैनपुरी। फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के टाईटल को लेकर समाज के लोगो मे आक्रोश व्याप्त है लोगो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फिल्म को बैन किये जाने जाने की मांग की है। नगर के युवा रोहित यादव, रिशू यादव, पंवन यादव, शिवम यादव, विनीत यादव, सनी यादव, सचिन यादव आदि का कहना है कि इस तरह की फिल्मो को तत्काल बैन किया जाये ऐसी फिल्मो के माध्यम से ही समाज मे विघटन की स्थिति पैदा होती है। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री से फिल्म को तत्काल बैन करने एंव फिल्म निमार्ता पर कडी कारवाही करने की माग की है।

## आठ दिन नहीं होंगे मांगलिक कार्य

भोगांव/मैनपुरी। होलाष्टक की शुरूआत फाल्गुन मास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि 24 फरवरी को होगी। जिसका समापन तीन मार्च को खग्रास चंद्रग्रहण के दिन होगा। इन आठ दिनों के दौरान कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है। नगर के ज्योतिषाचार्य प0 देवेन्द्र दीक्षित ने बताया कि होलाष्टक के दौरान सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि व राहु ग्रह उग्र अवस्था में होते हैं ऐसे मे कोई शुभ कार्य ही किया जाता है तथा ग्रहों की नकारात्मक ऊर्जा की वजह से इस समय लिए गए निर्णय या किए गए शुभ कार्य फलदायी नहीं होते हैं।

## शिक्षामित्रो एंव अनुदेशको ने बेतन बढने खुशी की लहर

भोगांव/मैनपुरी। होली से ठीक पहले शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को मानदेय वृद्धि का तोहफा मिला है। इससे शिक्षामित्रों और अनुदेशकों मे खुशी की लहर है। शिक्षा मित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18000 रुपये कर दिया गया है, जबकि अनुदेशकों का मानदेय भी 9000 से बढ़ाकर 17 हजार रुपये कर दिया गया है। नगर के शिक्षामित्र विजय मिश्रा, मधु मिश्रा, प्रशान्त पाण्डेय, सुमित कुमार, अरून कुमार आदि शिक्षामित्रो ने खुशी जताई है।

## मारपीट में तीन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**किशनी/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र गांव गुजरा निवासी उमा देवी पत्नी महाराज सिंह ने पुलिस से शिकायत की है। बताया दिनांक 17 फरवरी समय दिन के 3.30 बजे गांव के ही जयवीर पुत्र नोरतन सिंह व अहिवरन सिंह पुत्र अयोध्या प्रसाद और बीरवती पत्नी अहिवरन सिंह ने उनके घर के सामने आकर उन्हें गंदी गालियां देते हुए अचानक हमला करके मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान उनके गंभीर चोट आ गयी और उक्त सभी लोग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता का आरोप है वह घर पर अकेली थी उनके पति बाहर काम करने गए थे। पुलिस ने तीन नामजदों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# विचाराधीन बन्दी पान सिंह की मृत्यु प्रकरण में मजिस्ट्रियल जाँच प्रारम्भ

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़ ।** अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय दिग्विजय सिंह द्वारा बताया गया है कि विचाराधीन बन्दी पान सिंह पुत्र लाखन सिंह, निवासी बसन्तपुर डाडा, थाना रजपुरा, जिला सम्भल, उम्र लगभग 56 वर्ष की जेएन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ में उपचार के दौरान 29 जनवरी 2026 को 1:20 बजे हुई मृत्यु के सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मजिस्ट्रियल जाँच के आदेश दिए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जाँच के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय को नामित किया गया है। एसीएम दिग्विजय सिंह ने जाँच प्रक्रिया के तहत समस्त संबंधित व्यक्तियों एवं आमजन से अपील की है कि वे 28 फरवरी 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कलैक्ट्रेट नई बिल्डिंग, कक्ष संख्या 40 में उपस्थित होकर अपना बयान अथवा अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी पक्ष को अपना कथन प्रस्तुत करने हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

# राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ महोत्सव का भव्य समापन, जनसहभागिता और अनुशासन की बनी मिसाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ महोत्सव का शनिवार को कृष्णांजलि नाट्यशाला में भव्य एवं गरिमामयी समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन अवसर पर प्रदर्शनी सहायक अर्पित शर्मा एवं रचित वशिष्ठ ने उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत श्रृंखला के उपरांत प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत संगीता डांस एकेडमी के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा गणेश वंदना की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति से हुई, जिसने सभागार में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। 16 जनवरी से प्रारंभ होकर 21 फरवरी तक 37 दिन चले अलीगढ़ महोत्सव ने सांस्कृतिक, औद्योगिक एवं कृषि गतिविधियों के माध्यम से जनसामान्य को एक मंच पर जोड़ते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए। जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी संजीव रंजन के दिशा निर्देशन में इस बार की नुमाइश सबसे लंबी अवधि की रही। समापन समारोह में कार्यकारिणी सदस्य एवं उपस्थित जनसमूह नुमाइश के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन की प्रशंसा करते देखे गए। प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अलीगढ़ महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित और अनुकरणीय रहा। उन्होंने कहा कि पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और बेहतर व्यवस्थाओं का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला है। व्यापारियों, दुकानदारों, पुलिस प्रशासन, मीडिया

## क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक ने किया ताजमहल का दीदार, आगरा किला भी देखा; आम पर्यटकों की एंट्री रही प्रतिबंधित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक शनिवार को ताजनगरी आगरा पहुंचे और विश्व प्रसिद्ध धरोहर ताजमहल का दीदार किया। इसके बाद उन्होंने ऐतिहासिक आगरा किला (लाल किला) का भी भ्रमण किया। भारत सरकार द्वारा राजकीय अतिथि का दर्जा प्राप्त प्रधानमंत्री का आगमन आगरा में राजकीय सम्मान के साथ हुआ। यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते नई दिल्ली से सुबह 9 बजे रवाना हुए प्रधानमंत्री प्लेनकोविक करीब 12:30 बजे शहर पहुंचे और होटल अमर विलास में ठहरे। रमाड़ा कट पर उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां भारतीय कला और संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई।

उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री दोपहर 1:10 बजे ताजमहल पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे तक उन्होंने स्मारक परिसर में भ्रमण किया और इसकी बारीक नक्काशी, स्थापत्य कला तथा इतिहास की जानकारी ली। इसके बाद वे 2:30 बजे होटल लौटे, जहां लंच का कार्यक्रम निर्धारित था। शाम को वे आगरा किला पहुंचे और लगभग एक घंटे तक किले का निरीक्षण किया। भ्रमण के उपरांत वे कार से ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

प्रधानमंत्री की वीआईपी विजिट को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। ताजमहल को दोपहर 12:40 बजे से 2:40 बजे तक तथा आगरा किला को दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आम पर्यटकों के लिए बंद रखा गया। इस दौरान टिकट काउंटर भी बंद रहे और किसी भी पर्यटक को प्रवेश नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले ही दोनों स्मारकों को खाली करा लिया गया था, ताकि वीआईपी मूवमेंट के दौरान किसी प्रकार की भीड़ न हो।

## बच्चे व पति के साथ गालियां देकर की मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** कस्बा के वार्ड नंबर 2 निवासी प्रेमलता पत्नी रामपाल कठेरिया ने पुलिस से शिकायत की है। बताया शुक्रवार को दिन के करीब 3 बजे पिछली रंजिश को लेकर उनके पड़ोसी नामजदों ने उनके लड़का सुमित उम्र करीब 13 वर्ष को खेलते समय गालियां देते हुए लात घूंसों से मारपीट की। जब उनके पति रामपाल ने शिकायत की तो उपरोक्त ने लात घुसो डंडों से उनके पति के साथ भी मारपीट कर दी। उनके लड़का को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उन्हें व उनके पूरे परिवार को जान माल का अंदेशा है। पीड़िता ने बताया कि फेसबुक पर उपरोक्त व शिव कुमार पुत्र अनिल कुमार ने जान से मारने की धमकी दी है। उपरोक्त ने पूर्व में भी मारपीट की थी और उनके केवल एक ही लड़का है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**मैनपुरी।** बेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 48 वर्षीय किसान सहदेव सिंह पुत्र साहब सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम खद्दैया निवासी सहदेव अपने रिश्तेदार के यहाँ शोक संवेदना व्यक्त कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी इटावा मार्ग पर ग्राम खीजा के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सहदेव सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में सफल रहा। बेवर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर फरार चालक की पहचान और वाहन की तलाश के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य खंगाल रही है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## छोटी खबरें

### टीकाकरण टीम से बदसलूकी, स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर सवाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** मोहल्ला लखपति चौबे वाली गली में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान जो हुआ, उसने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मैंडू रोड रानी का नगला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से तैनात एएनएम नीलम जब केला देवी मंदिर परिसर में टीकाकरण करने पहुंचीं, तो एक महिला और कुछ अन्य लोगों ने उन्हें रोक दिया। विरोध करने पर आरोप है कि नाराज लोगों ने वैक्सीन बॉक्स और अन्य सामान तक फेंक दिया। यह घटना सिर्फ एक कर्मचारी से अभद्रता भर नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को उजागर करती है। सवाल यह है कि जब टीकाकरण जैसी संवेदनशील जिम्मेदारी निभाने वाली स्वास्थ्यकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता को सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं कैसे मिलेंगी? एएनएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत देकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री मंजू लता और यतेश वार्ष्णेय पर सहयोग न करने तथा आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि विभागीय तंत्र की अंदरूनी कमजोरी का संकेत है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजीव रॉय ने मामले की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। लेकिन सवाल यही है कि क्या हर बार जांच के नाम पर फाइलों में ही न्याय दफन हो जाएगा, या स्वास्थ्य विभाग अब सचमुच अपनी टीम की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगा? टीकाकरण अभियान सरकार की प्राथमिकता बताई जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की सुरक्षा, स्थानीय सहयोग और प्रशासनिक सख्ती के बिना यह अभियान केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाएगा। अब देखना यह है कि विभाग आंखें खोलता है या फिर एक और घटना को औपचारिक बयानबाजी में समेट दिया जाएगा।

### भारत मंडपम एआई समिट को लेकर भाजयुमो का प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला दहन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट 2026 के दौरान कथित रूप से हुए यूथ कांग्रेस प्रदर्शन के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा, हाथरस ने जोरदार प्रदर्शन किया। बागमूला चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री की अगुवाई में तथा उपाध्यक्ष एडवोकेट ऋतु गौतम के नेतृत्व में हुआ। सभा को संबोधित करते हुए ऋतु गौतम ने कहा कि वैश्विक स्तर के कार्यक्रम में इस प्रकार का प्रदर्शन न केवल अनुचित है, बल्कि इससे देश की छवि को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मौजूद छात्र-नौजवानों की भावनाएं इस घटनाक्रम से आहत हुई हैं। जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि जब भी राहुल गांधी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जाते हैं, तो देश की उपलब्धियों को सामने रखने के बजाय आलोचनात्मक राजनीति को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि उसी शैली को यूथ कांग्रेस भी अपना रही है, जो देशहित के विरुद्ध है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया और भविष्य में ऐसे घटनाक्रमों को बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी। कार्यक्रम में जिला मंत्री संध्या आर्य, जिला कार्यालय मंत्री विशाल गुप्ता, विवेक गुप्ता, जिला महामंत्री रजत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अरुण उपाध्याय, नवनीत गौतम, जिला मंत्री अरविंद दिवाकर, शहर अध्यक्ष कृष्णा पहलवान, मंडल महामंत्री गौरव ठाकुर, हिमांशु शर्मा, विमल वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। हालांकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। स्थानीय प्रशासन की निगरानी में प्रदर्शन समाप्त कराया गया।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने हसायन थाने का वार्षिक निरीक्षण किया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना हसायन का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण की शुरूआत सलामी गार्द से की गई। इसके बाद मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर आगंतुक रजिस्टर देखा गया तथा ड्यूटीरत महिला पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करते हुए आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित प्रार्थना पत्रों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन पहचान के तहत अपराधियों की डाटा फीडिंग समय से करने और डायल 112 से संबंधित इवेंट्स की तत्काल प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया। शस्त्रागार, मालखाना, हवालात, बैरक, मैस और शौचालयों की साफ-सफाई व सुव्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यालय में रखे अपराध रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, हत्या-बलवा रोकथाम रजिस्टर, राजनीतिक सूचना रजिस्टर और गुंडा रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच कर उन्हें अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण करने, विवेचनाओं में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने तथा साक्ष्यों को समय से न्यायालय में प्रस्तुत कर दोषियों को सजा दिलाने पर बल दिया गया। थाना क्षेत्र में बैंक और एटीएम की सुरक्षा के लिए कार्ययोजना तैयार कर नियमित गश्त बढ़ाने तथा अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

### घरेलू विवाद के बाद युवती ने कीटनाशक पिया, हालत गंभीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनपद के मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव ककरावली में घरेलू विवाद के बाद एक युवती द्वारा कीटनाशक का सेवन किए जाने का मामला सामने आया है। घटना देर रात की बताई जा रही है। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार ककरावली निवासी 20 वर्षीय युवती (परिवर्तित नाम) का परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि विवाद के बाद उसने आवेश में आकर घर में रखा कीटनाशक पी लिया। सेवन के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई, वह बेहोश हो गई और उल्टियां होने लगीं। स्थिति गंभीर देख परिजन घबरा गए और उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की टीम द्वारा युवती का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने से उपचार में मदद मिली है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली है। घरेलू विवादों के दौरान आवेश में उठाया गया ऐसा कदम गंभीर परिणाम दे सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पारिवारिक मतभेदों को संवाद और समझदारी से सुलझाना जरूरी है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। यदि कोई व्यक्ति मानसिक तनाव, निराशा या भावनात्मक दबाव से गुजर रहा हो, तो तुरंत परिवार, मित्रों या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए। समय पर सहायता और परामर्श कई बार जीवन बचा सकता है।

### सिकंदराराज में सड़क हादसा: बाइक सवार की मौत, कार चालक पर मुकदमा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** सिकंदराराज कोतवाली क्षेत्र में 18 फरवरी की शाम हुए सड़क हादसे में ग्राम शेरपुर निवासी देवेंद्र कुमार की मौत के मामले में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दुर्घटना नवली-रेवती कॉलेज के पास की बताई गई है, जहां पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल देवेंद्र कुमार को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराराज पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें अलीगढ़ रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार वहां आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उपचार के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। 19 फरवरी को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव शेरपुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल बना हुआ है।

# आवास दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप दो महिलाओं ने समाधान दिवस में लगाई गुहार



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात, संवाददाता।** तहसील सिकन्दरा में आयोजित समाधान दिवस के दौरान ग्राम अफसरिया, विकास खंड राजपुर की दो महिलाओं ने ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत से जुड़े लोगों पर सरकारी आवास दिलाने के नाम पर अवैध धन उगाही का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित महिलाओं ने लिखित प्रार्थना-पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा वसूली गई रकम वापस दिलाने की मांग की है। शिकायतकर्ता गुलबसा पत्नी मोहर ने बताया कि उन्हें सरकारी आवास दिलाने के नाम पर पहले सर्वे कराया गया, जिसके कुछ दिनों बाद ग्राम प्रधान के सहयोगी द्वारा उनसे 10 हजार रुपये ले लिए गए। आरोप है कि करीब नौ माह बीत जाने के बाद भी न तो आवास मिला और न ही रुपये वापस किए गए। बार-बार जानकारी लेने पर केवल आश्वासन देकर टाल दिया गया।वहीं दूसरी शिकायतकर्ता इमराना पत्नी मुन्नी ने आरोप लगाया कि उनसे और उनके पति से अलग-अलग समय पर कुल 15 हजार रुपये की अवैध वसूली की गई। उनके अनुसार पहले प्रधान के सहयोगी ने 5 हजार रुपये लिए, इसके बाद तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा 5 हजार रुपये तथा कुछ माह बाद पुनः 5 हजार रुपये की मांग की गई। इसके बावजूद उन्हें सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका।दोनों महिलाओं ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा अवैध रूप से वसूली गई कुल 25 हजार रुपये की धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।अब निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि जांच के बाद पीड़ितों को कब और किस प्रकार न्याय मिल पाता है।

### धनुवां गांव के ऐतिहासिक श्री रामलीला महोत्सव को लेकर घोषणा बैठक सम्पन्न

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा, संवाददाता।** धनुवां गांव के ऐतिहासिक एवं परंपरागत श्री रामलीला महोत्सव के आयोजन को लेकर मेला समिति की घोषणा बैठक तिवरिया स्थल पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देवेंद्र चौधरी ने की। इस दौरान मेला समिति के अध्यक्ष सर्वेश चंद्र मिश्रा, पदाधिकारी, सदस्य तथा ग्राम समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि 112 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह ऐतिहासिक मेला गांव की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय तक परंपरा का निर्वहन होना ग्रामवासियों, व्यापारियों और सहयोगी वर्गों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। अध्यक्षता कर रहे देवेंद्र चौधरी ने बताया कि यह बैठक महोत्सव की औपचारिक घोषणा के उद्देश्य से आयोजित की गई है। आयोजन की विस्तृत तैयारी को लेकर जल्द ही अलग से बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी तय कर संबंधित लोगों को दायित्व सौंपे जाएंगे, ताकि मेला शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

# एसडीएम ने 'तहसील दिवस' में सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के लिए दिए कड़े निर्देश




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** तहसील सभागार सासनी में शनिवार को एसडीएम नीरज शर्मा की अध्यक्षता में 'तहसील दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के दूर-दराज के गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। जनसुनवाई के दौरान कुल दस शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। एसडीएम नीरज शर्मा ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। राजस्व विभाग की टीम केवल कागजी खानापूर्ति न करे, बल्कि मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करे।

एसडीएम ने एसआईआर को लेकर सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने पोर्टल पर लंबित सभी मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित कर हटाने की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर मुख्य रूप से कानूनगो नीरज शर्मा, लेखपाल विवेक वार्ष्णेय, मोहसिन खां, सचिन शर्मा सहित अन्य राजस्व कर्मी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अभी जारी रहेगा तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** दि बार एसोसिएशन सिकन्द्राराऊ द्वारा तहसीलदार कोर्ट का लगातार बहिष्कार चल रहा था जिसके चलते शनिवार को सदन की बैठक की गयी जिसमें सदन के सभी सदस्यों की राय ली गई।

अध्यक्ष दिनेश कुमार चौहान द्वारा निर्णय लिया गया कि उपजिलाधिकारी के पत्र का जवाब दिया जायेगा। पत्रअनुसार वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराया जायेगा और तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार जारी रहेगा। साथ ही टूर को लेजाने की व्यवस्था सुविधा समय अनुसार की जाएगी। इस अवसर पर राजेश कुमार बघेल , प्रियांशु दरगढ, जीतेन्द्र कुमार एड, भरत सिंह कुशवाहा , योगेंद्र सिंह , मुनीश शर्मा एड, अवधेश यादव , भगवान सिंह एड, युवराज सिंह एड, गौरी शंकर गुप्ता एड, रनवीर सिंह एड,जय प्रकाश गुप्ता एड, इंद्रपाल सिंह यादव एड, वीरपाल सिंह यादव एड, अवनेश कुमार शर्मा एड, हुकुम सिंह बघेल एड, केएम कुलश्रेष्ठ एड, अशोक शर्मा ऐड, ब्रजेश यादव एड, महेंद्र पाल शगर एड,देवेंद्र दीक्षित शूल एड,विपिन कुमार एड,प्रमोद बघेल एड,महेंद्र सिंह यादव एड,दिनेश माहोर एड, शिवेंद्र बघेल एड, विजय उपाध्यायएड, दीपेश पाठक एड, रूपेंद्र सिंह ऐड, अनूप उपाध्याय एड, राधे श्याम बघेल एड, श्याम यादव एड, आदि मौजूद रहे।

### नगला भुस में सट्टा लगाते एक गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनपद में अवैध जुआ और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दपा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम नगला भुस स्थित शिवलिंग मंदिर के पास छापेमारी की, जहां एक व्यक्ति सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4570 रुपये नगद, सट्टा पर्ची और पेन बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में जुआ और सट्टे जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर शुरू, नौ साल का इंतजार खत्म

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनपद के लिए यह क्षण केवल प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि लंबे जनसंघर्ष की बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। वर्षों से बंद और उपेक्षित स्थिति में खड़ा सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर अब नियमित रूप से संचालित होने लगा है। इस उपलब्धि के पीछे पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. राकेश सिंह राना के लगातार प्रयास और सक्रियता को प्रमुख कारण माना जा रहा है। करीब नौ वर्षों से यह मुद्दा अधर में लटका हुआ था। गंभीर दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में मरीजों को अलीगढ़ अथवा अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ता था। समय पर उपचार न मिल पाने से कई बार हालात गंभीर हो जाते थे। इस स्थिति को जनहित का मुद्दा बनाते हुए डॉ. राकेश सिंह राना ने हस्ताक्षर अभियान चलाए, समस्याओं को संकलित कर शासन तक पहुंचाया और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को प्रमुखता से उठाया। विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने इस मांग को ठंडे बस्ते में नहीं जाने दिया। लगातार पत्राचार, बैठकों और जनदबाव के माध्यम से प्रशासन को सक्रिय करने का प्रयास किया गया। अंततः प्रयास सफल रहे और ट्रॉमा सेंटर का नियमित संचालन शुरू हो गया। अब यहां आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं, नियमित ऑपरेशन किए जा रहे हैं और गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उपलब्धि केवल एक अस्पताल के संचालन तक सीमित नहीं, बल्कि हाथरस की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम है। सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर का संचालन शुरू होना क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है, जिससे लोगों में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हुई है।

### आयरन सुक्रोज सप्ताह: सीएचसी सिकंदराराऊ में विशेष शिविर, गर्भवती महिलाओं को दी गई डोज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** आयरन सुक्रोज सप्ताह के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराराऊ में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मंडलायुक्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान हीमोग्लोबिन की कमी से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज की निर्धारित डोज दी गई तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक सैकड़ों महिलाओं को विभिन्न चरणों में आयरन सुक्रोज की डोज प्रदान की जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान हीमोग्लोबिन की कमी से प्रसव के समय अत्यधिक रक्तस्राव, कमजोरी और अन्य जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है, जिससे माता और शिशु दोनों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार सभी निर्धारित डोज समय पर पूर्ण करने की सलाह दी गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाया जाए।

### यूसीसी और एससी/एसटी एक्ट के विरोध में धरना जारी, वायरल ऑडियो से बढ़ी चर्चा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के अध्यक्ष पंकज धवरैया का धरना लगातार जारी है। यह धरना यूसीसी बिल और एससी/एसटी एक्ट के विरोध में उनके निवास के बाहर कंचन नगर क्षेत्र में चल रहा है। धवरैया का कहना है कि उन्हें सवर्ण समाज सहित अन्य वर्गों का भी समर्थन मिल रहा है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन जता रहे हैं। इसी बीच एक कथित ऑडियो वायरल होने से मामला और चर्चा में आ गया है। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर उन्हें अपने संगठन के एक पदाधिकारी से बातचीत करते हुए सुना जा रहा है, जिसमें धरने और सुरक्षा से जुड़ी बातें सामने आ रही हैं। हालांकि पंकज धवरैया ने इस ऑडियो को एडिटेड और भ्रामक बताते हुए खारिज किया है। उनका आरोप है कि उन्हें आंदोलन से हटाने के लिए साजिश रची जा रही है और उसी के तहत यह ऑडियो प्रसारित किया गया है। धरना स्थल पर प्रशासन की सख्त निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर खुफिया तंत्र भी सक्रिय है और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण बताई जा रही है, लेकिन शहर में इसे लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# होली से पहले खाद्य विभाग का बड़ा अभियान

## मिलावटी खाद्य पदार्थों पर छापा, खोया व रिफाइंड तेल के नमूने भरे; डेढ़ कुंतल संदिग्ध खोया नष्ट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के चौरा कस्बे में स्थित खोया निर्माण परिसर पर छापेमारी करते हुए खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

कार्रवाई के दौरान टीम ने रिफाइंड तेल और खोया के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे। जांच में संदिग्ध पाए गए लगभग डेढ़ कुंतल खोया को मौके पर ही नष्ट कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 37,500 रुपये बताई गई है।

अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी कानपुर देहात के निर्देशों के अनुपालन में की गई। अभियान का उद्देश्य त्योहार के दौरान आम लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेन्द्र नाथ सिंह यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कुल दो खाद्य नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।



**विभाग की अपील**

सहायक आयुक्त (खाद्य) राम अवतार सिंह ने कहा –
होली पर अत्यधिक रंगीन कचरी, पापड़ व मिठाइयों के सेवन से बचें।
मिलावट की आशंका होने पर तत्काल विभाग को सूचना दें।
केवल विश्वसनीय दुकानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें।

**मुख्य बिंदु**

होली से पहले मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई
खोया व रिफाइंड तेल के नमूने जांच हेतु भेजे गए
करीब 1.5 कुंतल संदिग्ध खोया नष्ट
दो खाद्य नमूने प्रयोगशाला भेजे गए
रिपोर्ट के बाद होगी कानूनी कार्रवाई

### असदपुर में बंद घर से 5 लाख की चोरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा, संवाददाता।** लवेदी थाना क्षेत्र के असदपुर गांव में शुक्रवार रात हुई बड़ी चोरी की घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए करीब पांच लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए, जबकि इलाके में पुलिस गश्त का दावा लगातार किया जाता रहा है। जानकारी के अनुसार गृहस्वामिनी सुनीता देवी अपनी बेटी सोनी के साथ गांव में चल रही रासलीला देखने गई थीं और उनका बेटा गौरव त्रिपाठी लखना में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर को निशाना बना लिया। देर रात करीब 12 बजे परिवार लौटा तो कमरे का ताला टूटा मिला और घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।पीछे से छत पर चढ़े, आराम से खंगाला पूरा घरबताया जा रहा है कि चोर घर के पीछे से छत पर चढ़े और हसिया से ताला तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद अलमारी और बक्सों को खंगालते हुए आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

### फैमिली आईडी व आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर साप्ताहिक बैठक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा।** महेवा ब्लॉक सभागार में ग्राम सचिवों, रोजगार सेवकों एवं तकनीकी सहायकों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक खंड विकास अधिकारी बृज बिहारी त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शत-प्रतिशत फैमिली आईडी तैयार कराने तथा आईजीआरएस शिकायतों के मौके पर सत्यापन कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि मनरेगा में कार्यरत मजदूरों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराई जाए तथा विकास कार्यों में तेजी लाई जाए।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर शिकायतकर्ता के पास पहुंचकर वास्तविक जांच के बाद किया जाए।

# वन क्लिक डीबीटी से किसानों को मिली बीमा क्षतिपूर्ति मुख्यमंत्री कार्यक्रम का जनपद में लाइव प्रसारण

**कानपुर देहात, संवाददाता।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अंतर्गत संचालित बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों को वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति राशि वितरित की गई। लखनऊ स्थित 5, कालीदास मार्ग से आयोजित इस कार्यक्रम का जनपद स्तर पर लाइव प्रसारण कराया गया।कलेक्ट्रेट सभागार, विकास भवन सभागार, एनआईसी सभागार तथा समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों पर किसानों को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दुष्यंत कुमार मौर्य की उपस्थिति में लाभार्थी किसानों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।उप कृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जनपद के 5021 किसानों को वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से कुल 1,57,76,330 की आपदा क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं जैसे आंधी, तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, सूखा, बाढ़, जलभराव, आकाशीय बिजली एवं कीट प्रकोप से प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दी जाती है।कार्यक्रम में अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए प्रेरित किया। बताया गया कि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव अभियान चलाकर पंजीकरण कराया जा रहा है।अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपनी रजिस्ट्री पूर्ण कराकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।



# कासना आंगनवाड़ी केंद्र पर मेगा कैम्प का हुआ आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** घरेलू हिंसा से संबंधित विधिक जानकारी एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कासना आंगनवाड़ी केंद्र पर एक मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को घरेलू हिंसा के विभिन्न स्वरूपों शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आर्थिक एवं यौन शोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा लागू घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत पीड़ित महिला को शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न से सुरक्षा का अधिकार, साझा घर में रहने का अधिकार (भले ही वह घर पति या ससुराल पक्ष के नाम हो), आर्थिक सहायता एवं भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार, बच्चों की अभिरक्षा के संबंध में न्यायालय से आदेश प्राप्त करने का अधिकार तथा संरक्षण अधिकारी एवं न्यायालय के माध्यम से त्वरित सहायता प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया गया है।

शिविर में यह भी अवगत कराया गया कि पीड़ित महिला अपनी शिकायत निकटतम पुलिस थाने में, संरक्षण अधिकारी अथवा महिला हेल्पलाइन के माध्यम से, या सीधे न्यायालय में आवेदन देकर दर्ज करा सकती है। सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोग एवं जिला प्रशासन से संपर्क किया जा सकता है। महिलाओं के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1091 एवं 181 की जानकारी भी साझा की गई। सभी नागरिकों से अपील की गई कि घरेलू हिंसा की घटनाओं को छिपाने के बजाय तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि पीड़ित महिला को समय पर न्याय एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मेगा शिविर में आशीष सक्सेना (डीसीपीएम, यूनिसेफ), सीडीपीओ संध्या सोनी, मुख्य सेविका माधुरी, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा क्षेत्र की अनेक महिलाओं एवं आमजन ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना रहा।

# मामूली विवाद में युवक पर धारदार व लाठी डंडों से हमला, गंभीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** पटियाली थाना सिकंदरपुर वैश्य के बरी बगवास गांव में मामूली विवाद में नामजदों ने युवक पर लाठी डंडों व धारदार से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंच गई। घायल को गंजडुंडवारा सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में घायल का उपचार जारी है। पुलिस ने पीडित परिजनों से बातचीत कर मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे गांव बरी बगवास निवासी 25 वर्षीय सनी पुत्र बलवीर सिंह बाजार की ओर गया था। आरोप है कि नाली पर टॉयलेट करने को लेकर वहां मौजूद कुछ लोगों से सनी की कहासुनी हो गई।

तभी गांव के ही एक युवक ने सनी पर लाठी से हमला कर दिया। इसके बाद उस पर धारदार हथियार से भी वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी चंचल सिरोही मय पुलिस के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल को गंजडुंडवारा सीएचसी पहुंचाया।

जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने परिजनों से बातचीत के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चाय दुकानदार से मारपीट, जान से मारने की धमकीय चार नामजद पर मुकदमा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** शहर के स्टेट बैंक कॉलोनी शक्ती तिराहा क्षेत्र में एक युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। स्टेट बैंक कॉलोनी शक्ती तिराहा निवासी रितेश कुमार पुत्र पवन कुमार ने थाना कासगंज में दी तहरीर में बताया कि 18 फरवरी 2026 की सुबह करीब 4:30 बजे उसके साथ विजय पुत्र राजेंद्र निवासी आवास विकास कॉलोनी, सौरभ गुप्ता पुत्र भगवान दास निवासी सरदार जी ट्रांसपोर्ट वाली गली, अर्जुन पुत्र राजेंद्र निवासी स्टेट बैंक कॉलोनी तथा सोहेल निवासी स्टेट बैंक कॉलोनी ने मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने उसे लात-घूंसों व बेल्ट से पीटा और जान से मारने की नीयत से हमला किया। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद उसने मेडिकल परीक्षण कराया। आरोप है कि 19 फरवरी को उसकी चाय की दुकान पर पहुंचकर आरोपियों ने दोबारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। ाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वृहद साक्षरता एवं सेवा शिविर (मेगा शिविर) का आयोजन आज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कासगंज द्वारा आज 22 फरवरी को बारह पत्थर मैदान में एक वृहद साक्षरता एवं सेवा शिविर (मेगा शिविर) का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य आम जनमानस को न केवल कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, बल्कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से जोड़ना है। इस शिविर के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कासगंज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव गिरेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां संबंधित विभागों के अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे।

## जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने किया तहसील कासगंज परिसर का औचक निरीक्षण



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने आज तहसील कासगंज परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय, उप जिलाधिकारी न्यायालय, नायब तहसीलदार कक्ष, अभिलेखागार, पेशकार कक्ष एवं जनसुनवाई कक्ष का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने लंबित वादों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वादों एवं अन्य प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अभिलेखों के रख-रखाव में सुधार लाने, परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा आमजन को समय पर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी कहा कि तहसील में आने वाले फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार किया जाए तथा जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी प्रणय सिंह व पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में तहसील कासगंज में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह व पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में तहसील कासगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

जिलाधिकारी के समक्ष इस अवसर पर अधिक धनराशि के बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्वावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमायश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 36 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये। जिनमें से 10 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त हुई शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील कासगंज में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा सीओ, तहसीलदार, समस्त क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिले की अन्य दोनों तहसील सहावर एवं पटियाली में अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# जनपद कासगंज में तेज रफ्तार का कहर , अनियंत्रित कार ने श्रद्धालु से भरे ई रिक्शा सहित दो मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जनपद कासगंज में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है, जहां सोरों कोतवाली क्षेत्र में एक अनियंत्रित चार पहिया कार ने सवारी से भरे ई रिक्शा सहित दो मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हादसे में दोनों मोटर साइकिलों पर सवार एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी सोरों में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है वहीं पुलिस ने तीनों लोगों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जाता है कि सोरों कोतवाली क्षेत्र के मथुरा बरेली हाईवे स्थित गोला कुंआ के समीप कासगंज की तरफ से जा रही चार पहिया कार ने गंगा नहा कर लौट रहे ई-रिक्शा सवार श्रद्धालुओं को जोरदार टक्कर मार दी, ई रिक्शा से टकरा कार दो बाइकों से टकरा गई, जिससे हादसे में बाइक सवार 40 वर्षीय वीरु शर्मा पुत्र भगवान दास निवासी कछला थाना उझानी जनपद बदायूं, व दूसरी बाइक पर सवार संजय कुमार पुत्र अरब सिंह यादव निवासी सिथलिया पुख्ता रसूलपुर बेला थाना सहसवान जनपद बदायूं व नन्नी पत्नी कुंवरपाल राजपूत निवासी नगला बीसा थाना सहसवान जनपद बदायूं की मौत हो गई, जबकि कछला गंगा से नहा कर लौट रहे ई रिक्शा में सवार अकील पुत्र सगीर अली निवासी लहरा रोड सोरों, दीपक पुत्र रामजी लाल, शिवजी पुत्र रघुनाथ, भरत सिंह पुत्र मन्नू लाल निवासीगण विसनवाडा थाना भमोरी जिला गुनाह मध्य प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी सोरों में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है वहीं पुलिस ने तीनों लोगों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, परिवार में कोहराम

## थाना सिकन्दरपुर वैश्य के गांव नगला बैरू में हुई घटना

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**कासगंज।** पटियाली थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला। युवक का शव पेड़ पर लटके होने की जानकारी के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम, थाना पुलिस पहुंच गई। फोरेंसिक टीम ने घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की देर शाम सिकन्दरपुर वैश्य के नगला बैरू गांव से एक युवक का शव पेड़ पर लटके होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक का शव पीपल के पेड़ से बने फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिवारीजन विलाप कर रहे थे। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त 20 वर्षीय राहुल पुत्र लल्ला बाबू निवासी नगला बैरू के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दो दिन पूर्व परिवार में आपसी विवाद हुआ था, जिसके बाद से युवक मानसिक रूप से परेशान था। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना प्रभारी चंचल सिरोही ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत होता है। अभी तक घटना के संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जन चेतना जागरण फाउंडेशन के शिविर में दो दर्जन लोगों ने किया रक्तदान

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**ग्रेटर नोएडा-एन.जी.वर्मा-** क्षेत्र के गांव गिरधरपुर में स्थित सिटी हार्ट ग्लोबल स्कूल परिसर में जन चेतना जागरण फाउंडेशन के तत्वावधान में फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ सीमा चौधरी के संचालन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब दो दर्जन लोगों ने रक्तदान किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा के इस महापुण्य कार्य में अपनी सहभागिता निभाई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री वेद राम भाटी उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके योगदान की सराहना की तथा रक्तदान को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

इस अवसर पर सिटी हार्ट ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन श्री वी. के. उपाध्याय, यमुना अथॉरिटी के मैनेजर श्री सुधीर कुमार, श्री अनिल कसाना, श्री विवेक भाटी गौरव भाटी मतलूब अली आबिद अली हाजी अख्तर विनीत राणा कौशल नागर उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।रक्तदान प्रक्रिया को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जन चेतना जागरण फाउंडेशन ने शिविर के सफल संचालन के लिए जिम्स (खक्टर) की मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया।

# वैदिक मंत्र, 100 कुंडीय श्री महालक्ष्मी महायज्ञ दिल्ली शंकर नगर में प्रारंभ



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**दिल्ली-एन.जी.वर्मा-** अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ एवं स्वामी करपात्री फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री सुंदरकांड मित्र मण्डल (पंजी.) द्वारा एक ऐतिहासिक '100 कुंडीय श्री महालक्ष्मी महायज्ञ' का गुरुवार को शुभारंभ हुआ. यह आयोजन 19 से 25 फरवरी तक किया जा रहा है. वैदिक शास्त्र विधि-विधान के अनुरूप होने वाले इस महायज्ञ में 151 ब्राह्मणों के वृंद द्वारा 21 लाख दिव्य आहुतियां दी जाएंगी. कार्यक्रम की शुरूआत 18 फरवरी 2026 को प्रातः 8:30 बजे भव्य '751 सौभाग्यशाली मातृ शक्ति शोभा यात्रा' के साथ हुई. संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि कलयुग में अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त करने के लिए यज्ञ की परिक्रमा अत्यंत फलदायी है. यज्ञ का प्रथम सत्र प्रातः 8:00 से 11:30 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:30 से सायं 5:30 बजे तक चलेगा. इसके साथ ही श्री सुंदरकांड मित्र मण्डल द्वारा 19 से 25 फरवरी 2026 तक डी.ए.वी. स्कूल नंबर 2 ग्राउंड, रघुबरपुरा मेन रोड, शंकर नगर में भव्य 'श्री वाल्मीकि रामायण कथा' का आयोजन किया जा रहा है. कथा का वाचन परम पूज्य गुरुदेव स्वामी श्री ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज करेंगे. कथा का दैनिक कार्यक्रम प्रातः 6:00 बजे वेद पाठ से शुरू होगा, जिसके बाद दोपहर 2:30 बजे से प्रभु श्री राम की पावन कथा का रसपान कराया जाएगा. प्रतिदिन सायं 6:00 बजे भव्य 'काशी आरती' आकर्षण का केंद्र रहेगी. संस्था के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी और महामंत्री आलोक माहेश्वरी ने बताया कि क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता इस आयोजन को लेकर अत्यंत उत्साहित है. आयोजन को सफल बनाने में शंकरलाल सोनी, गोपाल करनानी, नारायण राठी और सहित पूरी टीम जुटी हुई है।

# भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, दिल्ली एआई समिट कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजयुमो ने किया विरोध





मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई समिट कार्यक्रम के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका।

इस दौरान कार्यकताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।बतादें कि दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया था, प्रदेश नेतृत्व के आवाहन आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार के नेतृत्व में कार्यकर्ता शहर के राजकोल्ड चैराहे पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका।

इस दौरान कार्यकताओं ने राहुल गांधी माफी मांगो और भारत माता की जय जैसे नारे लगाए गए। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार ने कहा कि एआई समिट भारत के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक अवसर है, जहाँ दुनिया भर के तकनीकी विशेषज्ञ भारत की प्रगति देखने आए हैं। प्रतिहार ने आरोप लगाया कि ऐसे समय में यूथ कांग्रेस द्वारा समिट के भीतर प्रदर्शन करना और भारत विरोधी नारे लगाना देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब भारत वैश्विक स्तर पर तकनीक और नवाचार का केंद्र बन रहा है, तब कांग्रेस देश के विकास और गौरव को स्वीकार नहीं कर पा रही है।

भाजयुमो नेताओं ने चेतावनी दी कि जो भी संगठन या शक्तियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को नीचा दिखाने का प्रयास करेंगी, युवा मोर्चा उनका सड़क से सदन तक पुरजोर विरोध करता रहेगा। इस जिला उपाध्यक्ष प्रशांत राजपूत, यश उपाध्याय, हिमांशु उपाध्याय, सुधांशु मौर्य, अमरदीप, नरेंद्र कुमार, अंशुल अग्रवाल, हरेन्द्र, प्रवीण, राहुल, विन्रम अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, शुभम प्रधान, अनुराग, लालता प्रसाद, उपेंद्र चैहान, ओमेंद्र, मोहित चैहान, बॉबी. विष्णु, राहुल, आशीष, सनी, अंशुल, विशाल, संजय, जय पंडित, रोहित, मोहित, जतिन, अमन, सिविक, मदन, गौरव, सुरजन, दिनेश, अभिषेक , अमित, के पी सिंह , शरद गुप्ता, राजन सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छोटी खबरें

### सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, 184 वाहन चालकों के चालान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जनपद पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के तहत शनिवार को जिले भर में सघन वाहन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग करने, हेलमेट न पहनने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने सहित विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 184 वाहनों का चालान किया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### परिवहन मेले में नई कर व्यवस्था की दी गई जानकारी

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात, 21 फरवरी 2026।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार हल्के यात्री एवं माल वाहनों के लिए लागू एकमुश्त मार्ग कर व्यवस्था (ओटीटी) के संबंध में जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय, कानपुर देहात में दो दिवसीय परिवहन मेले का आयोजन किया गया। यह मेला 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में वाहन स्वामियों एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश शासन की 30 जनवरी 2026 की अधिसूचना के क्रम में आयोजित इस मेले में टेंपो, टैक्सी, ट्रक और बस यूनियन के पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों, ई-रिक्शा चालकों तथा वाहन डीलरों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मेले के दौरान प्रतिभागियों को हल्के परिवहन श्रेणी के माल एवं यात्री वाहनों के लिए लागू नई कर व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान करते हुए बताया गया कि एकमुश्त कर व्यवस्था (डळळ) से वाहन स्वामियों को कर जमा करने की प्रक्रिया में सरलता, समय की बचत तथा प्रशासनिक सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा और नवीन कर व्यवस्था से संबंधित पम्फलेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

### आज जिले के सभी बूथों पर लगेगा विशेष अभियान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात, 21 फरवरी।** मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर रविवार, 22 फरवरी 2026 को चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहकर मतदाताओं के दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के निदेशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची को त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी 2026 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में चौथा विशेष अभियान दिवस 22 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था रहेगी, जहां मतदाताओं को आवेदन पत्र भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। बीएलओ के पास 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के साथ फॉर्म-6, 6ए, 7 एवं 8 उपलब्ध रहेंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान की निगरानी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भ्रमणशील रहेंगे। साथ ही राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट, ग्राम प्रधान, सभासद एवं स्वयंसेवकों का सहयोग भी लिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना एवं परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में दर्ज नहीं है या जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 भी भरा जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन ईसीआई नेट मोबाइल एप या ५ङ्म३ी१२.ीू्र.ल्ल पोर्टल के माध्यम से भी किया जा सकता है।

### तहसील मैथा पहुंचे जिलाधिकारी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात, 21 फरवरी।** जिलाधिकारी कपिल सिंह ने शनिवार को तहसील मैथा का औचक निरीक्षण कर तहसील परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव तथा राजस्व एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं और न्यायालयों का भ्रमण कर पत्रावलियों की स्थिति, लंबित प्रकरणों एवं कार्यालयीय कार्यप्रणाली का परीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संधारण पर विशेष जोर देते हुए निर्देशित किया कि सभी पत्रावलियों को श्रेणीबद्ध तरीके से सुरक्षित रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से अभिलेख संरक्षण एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नजारत शाखा एवं संग्रह अनुभाग में राजकीय अभिलेखों व सामग्रियों के रखरखाव की समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, रजिस्ट्री कक्ष, अभिलेखागार, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, खतौनी वितरण कार्यालय, उप निबंधक कार्यालय, संग्रह अनुभाग एवं आपूर्ति कार्यालय का भी निरीक्षण किया। तहसील परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य जनसुनवाई आयोजित कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयपालन, जवाबदेही एवं आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने को कहा। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने प्रेरणा कैंटीन का भी अवलोकन कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान अपर उपजिलाधिकारी मैथा, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कठफोरी में ए.एस. फैशन क्लब का शुभारंभ

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा, कठफोरी (संवाददाता)।** क्षेत्र में फैशन एवं रेडीमेड परिधानों की बढ़ती मांग को देखते हुए कस्बा कठफोरी में ए.एस. फैशन क्लब का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर संचालकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि कस्बाई क्षेत्रों में आधुनिक फैशन से जुड़े प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय लोगों को शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होती है और उन्हें अपनी पसंद के कपड़े आसपास ही उपलब्ध हो जाते हैं। संरक्षक रामधन शाक्य ने बताया कि ए.एस. फैशन क्लब को विशेष रूप से युवाओं की पसंद और वर्तमान फैशन ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है, ताकि क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक डिजाइन और स्टाइलिश परिधान अपने ही क्षेत्र में मिल सकें।

# तालाब में गिरी अनियंत्रित कार, चार लोगों की दर्दनाक मौत

**छह घायलों को पुलिस ने बचाया, एसपी ने मौके पर पहुंचकर संभाली राहत व्यवस्था**

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात, 20 फरवरी 2026।** थाना शिवली क्षेत्र के ग्राम बैरी सवाई के पास शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में जा गिरी। कार में कुल 10 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन अचानक नियंत्रण खो बैठा और सीधे तालाब में जा गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बिना देर किए बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस टीम के पहुंचने के बाद संयुक्त रूप से सभी लोगों को तालाब से बाहर निकाला गया।

हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शिवली पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस द्वारा क्रेन की सहायता से तालाब में डूबी कार को बाहर निकालने की कार्रवाई की गई। वहीं मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्राथमिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक, मदद और बेहतर इलाज के निर्देश**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर देहात में हुए सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने प्रशासन को राहत कार्यों पर सतत निगरानी बनाए रखने के भी निर्देश दिए हैं।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत शनिवार को व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मसुरक्षा उपायों तथा विभिन्न सरकारी सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही महिला सम्मान, स्वावलंबन और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों – 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) तथा 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) – की जानकारी दी गई। इसके अलावा यूपीसीओपी ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई और सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर अपराध जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग एवं फर्जी प्रोफाइल से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिस टीम ने महिलाओं को पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से जुड़े प्रावधानों की भी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश की भावना के अनुरूप महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे। साथ ही जनपदवासियों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

## शराब की दुकानों पर संयुक्त छापेमारी, लाइसेंस व स्टॉक की जांच

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने और लाइसेंस शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए भोगनीपुर क्षेत्र में शनिवार को संयुक्त सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में उपजिलाधिकारी भोगनीपुर, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर एवं आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीम ने क्षेत्र की शराब दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर की फुटकर दुकानों की गहन जांच की गई। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब की बिक्री व तस्करी पर रोक लगाना, लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना, नाबालिगों को शराब की बिक्री रोकना तथा निर्धारित समय से अधिक बिक्री की जांच करना रहा।

टीम द्वारा दुकानों के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिलिंग व्यवस्था, मूल्य सूची प्रदर्शन, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की विस्तार से जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध बिक्री, नकली या मिलावटी शराब, लाइसेंस नियमों के उल्लंघन अथवा नाबालिगों को शराब बेचने की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 48 घंटे में गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मूसानगर पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी 2026 को पीड़िता पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना मूसानगर में मु0अ0सं0 10/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुकदमा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 65(1), 191(2), 115(2), 352 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012 की धारा 3/4(2) एवं एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में पंजीकृत किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में थाना मूसानगर पुलिस ने शुक्रवार 20 फरवरी 2026 को ग्राम सुन्दरपुर क्षेत्र से नामजद एवं वांछित अभियुक्त अशोक निषाद (25) पुत्र फूल सिंह निषाद निवासी ग्राम सुन्दरपुर, थाना मूसानगर, जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# तहसील मैथा में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस, डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें

मॉर्निंग सिटी संवाददाता








**कानपुर देहात, 21 फरवरी 2026।** जनपद की समस्त तहसीलों में शनिवार को तहसील दिवस/सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मैथा में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को एक-एक कर सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित किए जाने हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।


जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़े मामलों में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आईजीआरएस, तहसील दिवस, जनप्रतिनिधियों के संदर्भ एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर उनकी संतुष्टि सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। जनसुनवाई के दौरान खतौनी से संबंधित कई प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई कराई गई और शिकायतकर्ताओं को सही खतौनी उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक कार्यदिवस सुबह 10 से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडे ने तहसील सिकंदरा में समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं जनपद की अन्य तहसीलों में भी क्षेत्राधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शिकायतों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, उपजिलाधिकारी मैथा राजकुमार पाण्डेय, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन कन्विक्शन: 23 वर्ष पुराने चोरी की साजिश के मामले में आरोपी दोषी करार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी करते हुए पुलिस ने वर्ष 2003 के एक पुराने मामले में आरोपी को सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है। माननीय न्यायालय जेएम प्रथम, कानपुर देहात ने चोरी की योजना बनाते समय पकड़े गए आरोपी को दोषी ठहराते हुए न्यायालय उठने तक की सजा एवं दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

मामले के अनुसार 27 जुलाई 2003 को थाना रसूलाबाद क्षेत्र में अभियुक्त संगम पुत्र मेहन्दी हसन निवासी बनीपारा थाना रूरा समेत अन्य साथियों को चोरी की योजना बनाते समय पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से चोरी की साइकिलें भी बरामद हुई थीं। इस


!! KANPUR DEHAT POLICE !!

थाना रसूलाबाद | दिनांक-21.02.2026

#ऑपरेशन_कन्विक्शन

दिनांक 27.07.2003 को अभियुक्तगण द्वारा चोरी की योजना बनाते समय पकड़े जाने व कब्जे से चोरी की साइकिलें बरामद होने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्त संगम पुत्र मेहन्दी हसन निवासी बनीपारा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को माननीय न्यायालय जेएम प्रथम, जनपद कानपुर देहात द्वारा दोष सिद्ध करते हुए न्यायालय उठने तक की सजा एवं ₹ 2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

घटना का विवरण-
दिनांक 27.07.2003 को अभियुक्तगण 1. संगम पुत्र मेहन्दी हसन, 2. असगर पुत्र मुन्शी निवासीगण बनीपारा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात व 3. गंगाराम पुत्र विशुपाल निवासी जितई गढ़वा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात द्वारा चोरी की योजना बनाते समय पकड़े जाने व कब्जे से चोरी की साइकिलें बरामद होने के सम्बन्ध में थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 208/2003 धारा 401 भा0द0वि0 बनाम अभियुक्तगण उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही-
विवेचक द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना करते हुए वादी व गवाहान द्वारा वास्तविक तथ्यों के आधार पर व गवाही देने के आधार पर साक्ष्य संकलन कर विवेचना निस्तारित कर मुकदमें में नामित अभियुक्त संगम पुत्र मेहन्दी हसन उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। माननीय न्यायालय में पेश किये गये साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त संगम पुत्र मेहन्दी हसन उपरोक्त को दोषी ठहराया गया।

अपराधी को सजा दिलाये जाने हेतु #ऑपरेशन_कन्विक्शन चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं, इसी क्रम में थाना रसूलाबाद पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन व मॉनिटरिंग सेल द्वारा सतत् एवं प्रभावी पैरवी करते हुए सही तथ्यों पर गवाहान की गवाही माननीय न्यायालय के समक्ष करायी गयी।

न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय-
माननीय न्यायालय जेएम-प्रथम, जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 21.02.2026 को अभियुक्त संगम पुत्र मेहन्दी हसन निवासी बनीपारा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को दोष सिद्ध करते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 05 दिवस के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। यह सजा समाज में कानून और शान्ति व्यवस्था व अपराधों में अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संबंध में थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 208/2003 धारा 401 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

विवेचक द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना करते हुए साक्ष्यों का संकलन किया गया तथा गवाहों के बयान दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों की गवाही के आधार पर आरोपी संगम को दोषी करार दिया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अपराधियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना रसूलाबाद पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

न्यायालय ने 21 फरवरी 2026 को आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व 2,000 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर पांच दिन के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था मजबूत करने और अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## ऑपरेशन कन्विक्शन: दो पुराने मामलों में आरोपियों को न्यायालय से सजा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

कानपुर देहात। जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी करते हुए अलग-अलग पुराने मामलों में आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाई गई। पुलिस की सतत पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों मामलों में दोष सिद्ध करते हुए दंड सुनाया।

**गौकशी मामले में आरोपी को सजा**

वर्ष 2002 में थाना सिकन्दरा क्षेत्र में गौकशी के आरोप में दर्ज मुकदमे में माननीय न्यायालय एसीजेएम-प्रथम, कानपुर देहात ने अभियुक्त अनीस पुत्र सुलेमान निवासी गांधीनगर थाना सिकन्दरा को दोषी करार दिया।

मामले के अनुसार 19 नवंबर 2002 को अनीस एवं राजू पुत्र सुलेमान के विरुद्ध धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम के तहत मु0अ0सं0 219/2002 पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अनीस को दोषी पाया गया, जबकि अन्य आरोपी को पूर्व में ही दंडित किया जा चुका है। न्यायालय ने 21 फरवरी 2026 को आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा एवं ?2,000 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 10 दिन के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

इसी अभियान के अंतर्गत वर्ष 2007 में दर्ज अवैध शस्त्र बरामदगी के मामले में भी न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई। 21 अक्टूबर 2007 को थाना सिकन्दरा पुलिस ने प्रशान्त कुमार पाठक पुत्र जयप्रकाश निवासी भाऊपुर थाना औरैया, जनपद औरैया के कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया था। इस संबंध में मु0अ0सं0 191/2007 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के बयानों के आधार पर माननीय न्यायालय एसीजे (जेडी)-2, कानपुर देहात ने आरोपी को दोषी ठहराया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1,000 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर सात दिन के साधारण कारावास की सजा निर्धारित की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी की जा रही है, जिससे लंबित मामलों में अपराधियों को सजा दिलाकर कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।



## 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' ने महीप कपूर को दी नई पहचान

नेटफ्लिक्स की मशहूर सीरीज 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' ने अभिनेता संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर को ऐसी पहचान दी, जो केवल संजय कपूर की पत्नी या सोनम कपूर की चाची तक सीमित नहीं है। दिल्ली में 1982 में जन्मी और ऑस्ट्रेलिया में पली-बढ़ी महीप ने बॉलीवुड में कदम एक अभिनेत्री के तौर पर रखा था। महिप कपूर का बेबाक, नो-फिल्टर अंदाज और परिवार के प्रति समर्पण ने उन्हें दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय बनाया है। उन्होंने 1994 में फिल्म 'निगम' में काम किया था, लेकिन यह फिल्म रिलीज नहीं हो सकी। अभिनय से दूरी बनाने के बाद उन्होंने अपने करियर को नया मोड़ देते हुए ज्वेलरी डिजाइनिंग में कदम रखा और 'सत्यानी फाइन ज्वेल्स' के लिए ऐसे डिजाइन तैयार किए, जिन्हें बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने अपनाया। महीप और संजय कपूर की शादी 1997 में हुई थी। बाहर से उनका रिश्ता एक खुशहाल फैमिली की तस्वीर जैसा दिखता था, लेकिन असलियत इससे अलग थी। 'बॉलीवुड वाइव्स' के दूसरे सीजन में महीप ने अपनी निजी जिंदगी का वह दर्दनाक सच साझा किया, जिससे दर्शक अनजान थे। उन्होंने बताया कि शादी के शुरुआती सालों में संजय कपूर ने उन्हें धोखा दिया था। जब उनकी बेटी शनाया कपूर छोटी थीं, तब संजय का किसी और महिला से संबंध था। इस खुलासे ने फैंस को हैरान कर दिया। महीप ने यह भी बताया कि अफेयर की जानकारी मिलते ही वह बेटी को लेकर घर से निकल गई थीं, हालांकि बाद में उन्होंने संजय को माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह फैसला अपने बच्चों शनाया और जहान के लिए लिया और अपनी शादी को एक और मौका देने का निर्णय सही साबित हुआ, क्योंकि आज दोनों एक मजबूत रिश्ता साझा कर रहे हैं। महीप कपूर को लोग अक्सर 'मामा बियर' कहकर पुकारते हैं। वह अपनी बेटी शनाया कपूर के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर हमेशा प्रोटेक्टिव रही हैं। सोशल मीडिया पर भी वह अपने बच्चों के साथ बिताए गए पलों को साझा करती रहती हैं, जिससे साफ पता चलता है कि परिवार उनकी प्राथमिकता है। शनाया अब फिल्मों में कदम रख चुकी हैं, और महीप का समर्थन हर कदम पर उनके साथ दिखता है। ज्वेलरी डिजाइनर के रूप में सफलता हासिल करने के बाद महीप आज एक डिजिटल इन्फ्लुएंसर और रियलिटी शो स्टार के रूप में भी लोकप्रिय हैं।

## एआई ऐसी टेक्नोलॉजी है जो उन्हें डराती है: अभिषेक बच्चन

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन का कहना है कि एआई ऐसी टेक्नोलॉजी है जो उन्हें डराती है और एक्टर्स के भविष्य के लिए नुकसानदायक हो सकती है। अभिषेक बच्चन ने एआई को लेकर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि वह इस तकनीक के साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। उनके मुताबिक, एआई भविष्य में क्रिएटिव फील्ड में बड़े बदलाव ला सकता है और अगर इसे सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया तो इससे एक्टर्स के अवसरों पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि एआई के सहारे एनिमेशन, स्पेशल इफेक्ट्स और तकनीकी प्रक्रियाएँ आसान हो जाएंगी, जिससे फिल्म निर्माण का समय और बजट दोनों कम होंगे। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि एक्टिंग जैसे मानवीय कला के क्षेत्र में एआई कभी भी उस 'जान' को नहीं ला सकता, जो किसी कलाकार की आत्मा से निकलकर पर्दे पर दिखाई देती है। अभिषेक ने बताया कि उन्होंने कई एआई से तैयार चीज़ें देखी हैं जो देखने में बेहद आकर्षक और परफेक्ट लगती हैं, लेकिन उनमें मानवीय भावनाओं की गर्माहट और असलियत नहीं होती। उनका मानना है कि कलाकार की आत्मा, उसकी कमियाँ और उसकी अनूठी अभिव्यक्ति ही उसे खास बनाती हैं, और यही बात एआई कभी हासिल नहीं कर सकता।



# वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 को लेकर सुर्खियों में शिवांगी वर्मा



बॉलीवुड अभिनेत्री शिवांगी वर्मा इन दिनों वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें अभिनेत्री के एपिसोड का टाइटल 'मिडनाइट ब्राइड' है, जिसमें उन्होंने एक विधवा का किरदार निभाया है। बातचीत में शिवांगी ने बताया कि 'हसरतें' पहले से ही बेहद लोकप्रिय सीरीज है और वे इसकी फैन रही हैं। ऐसे में जब उन्हें 'सीजन 3' का हिस्सा बनने का मौका मिला, तो उनके लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने कहा, 'मैं मेकर्स की बेहद आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इस सीरीज के लिए चुना और मुझ पर भरोसा दिखाया। यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है।' अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में बताया कि यह उनके असली व्यक्तित्व से बिल्कुल उलट है। असल जीवन में वे काफी मॉडर्न, फैशनेबल और स्टाइलिश हैं, जबकि शो में वे एक ऐसी विधवा बनी हैं जिन्हें समाज की रूढ़िवादी अपेक्षाओं के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा, 'समाज में अक्सर विधवा महिलाओं पर मेकअप न करने, रंगीन कपड़े न पहनने और साधारण रहने जैसे कई दबाव डाल दिए जाते हैं। इस किरदार को निभाते हुए मुझे एहसास हुआ कि सादगी में भी अलग तरह की खूबसूरती होती है।' शिवांगी बताती हैं कि शूटिंग के दौरान उन्होंने पूरा प्रयास किया कि किरदार की भावनाओं और उसकी परिस्थितियों को सही तरह से दर्शाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद इस रोल ने उन्हें काफी कुछ सिखाया। शो के प्रसारण के बाद उन्हें हर तरफ से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसे वे अपने करियर का बड़ा सम्मान मानती हैं। अपने काम के प्रति गंभीर रहने वाली शिवांगी कहती हैं कि उनके लिए कहानी सबसे अधिक मायने रखती है। यदि स्क्रिप्ट भावनाओं से जुड़ी हो और उन्हें बतौर अभिनेत्री चमकने का मौका दे, तो वे पूरी समर्पण के साथ प्रोजेक्ट का हिस्सा बनती हैं। उन्होंने कहा, 'अच्छी कहानी हो तो मैं बाकी चीजों को भूल जाती हूं। मैं खासकर महिला-केंद्रित किरदारों की ओर आकर्षित होती हूं, क्योंकि ऐसे रोल में भावनाओं और अभिव्यक्ति के कई आयाम होते हैं।' भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए शिवांगी ने बताया कि उन्हें रोमांटिक थ्रिलर करने की काफी इच्छा है। इसके अलावा यदि कोई दमदार बायोपिक का प्रस्ताव मिलता है, तो वह भी वे जरूर करना चाहेंगी।

## कला सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं : श्वेता त्रिपाठी



कला सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त जरिया भी है। यह कहना है अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का। इसी सोच के साथ उन्होंने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म मुझे जान ना कहो मेरी जान को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम और यह एक संवेदनशील क्वीर प्रेम कहानी है, जिसके इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता स्वयं भी अभिनय कर रही हैं। प्रोडक्शन की दुनिया में यह श्वेता का पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले वे क्वीर विषय पर आधारित थिएटर प्ले कॉक को भी प्रोड्यूस कर चुकी हैं, जो ब्रिटिश लेखक माइक बार्टलेट के ओलिवर अवॉर्ड जीत चुके ड्रामा पर आधारित है। यह नाटक देश के कई शहरों में प्रदर्शित हुआ था और दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। श्वेता कहती हैं कि यह उनके लिए सिर्फ एक पेशेवर निर्णय नहीं, बल्कि निजी स्तर पर भी जुड़ा हुआ कदम है। उन्होंने कहा, 'अगर समाज में बदलाव चाहिए, तो पहल खुद से करनी होती है। महिलाओं और क्वीर समुदाय की कहानियां हमेशा रही हैं, लेकिन उन्हें वह स्थान और सम्मान नहीं मिला, जिसके वे हकदार हैं। अब जब मुझे चुनने और बनाने का मौका मिला है, तो मैं इसे सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।' श्वेता का मानना है कि क्वीर कहानियों को असरदार बनाने के लिए उन्हें सनसनीखेज होने की जरूरत नहीं होती। कई बार ये कहानियां बेहद सरल, कोमल और दैनिक जीवन से जुड़ी होती हैं, जो दर्शकों के मन में लंबे समय तक जगह बनाए रखती हैं। श्वेता आगे कहती हैं कि उन्हें वह रास्ता अब साफ दिखाई देता है, जिस पर वे आगे बढ़ना चाहती हैं महिलाओं की कहानियों को मंच देना, क्वीर आवाज़ों को बढ़ावा देना और अपने फैसलों में ईमानदारी बनाए रखना। उनके अनुसार यही उनके लिए एक कलाकार के रूप में अपनापन और उद्देश्य दोनों का भाव पैदा करता है। अभिनेत्री जल्द ही दर्शकों के सामने एक बड़े प्रोजेक्ट के साथ होने वाली हैं। वे मिर्जापुर-द मूवी में नजर आएंगी, जो 4 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ पंकज त्रिपाठी, अली फज़ल, दिव्येंदु और रसिका दुग्गल सहित कई पुराने और नए कलाकार दिखाई देंगे। बता दें कि अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि महिलाओं और क्वीर समुदाय की कहानियों को मुख्यधारा में मजबूत जगह दिलाने के लिए प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभा रही हैं।

## इमेज को लेकर सजग थी, इसीलिए ठुकराए कई ऑफर: रवीना टंडन

90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन अपने ग्लैमरस अंदाज़ से लेकर निजी जीवन तक सुर्खियों में रही हैं। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में अपने करियर के ऐसे फैसलों पर बात की है, जो आज भी चर्चा का विषय बन जाते हैं। रवीना ने खुलासा किया कि उन्होंने निर्माता-निर्देशक करण जौहर की ब्लॉकबस्टर फिल्म कुछ कुछ होता है और सुपरस्टार शाहरुख खान के आइकॉनिक गाने छैंया छैंया को करने से इनकार कर दिया था और इसके पीछे की वजहें दिलचस्प हैं। रवीना ने बताया कि 90 के दशक में उन्हें कई बड़े प्रोजेक्ट ऑफर होते थे, लेकिन वह अपनी इमेज को लेकर बेहद सजग थीं। फिल्म कुछ कुछ होता है में टीना का रोल, जिसे बाद में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने निभाया, पहले रवीना को ऑफर हुआ था। लेकिन रवीना ने यह रोल ठुकरा दिया क्योंकि वह अपने दौर की दूसरी बड़ी स्टार काजोल के अपोजिट सेकंड लीड निभाना नहीं चाहती थीं।



उन्होंने बताया कि उन्होंने करण जौहर से साफ कहा 'काजोल मेरी ही जनरेशन की हैं, मैं उनके पीछे खड़ी नहीं हो सकती।' रवीना ने हंसते हुए कहा कि करण जौहर आज भी मजाक में इस बात की शिकायत करते हैं कि उन्होंने उनकी पहली फिल्म ठुकरा दी थी। हालांकि यह रोल रानी मुखर्जी के करियर का टर्निंग प्वाइंट बन गया और फिल्म आज भी बॉलीवुड की सबसे यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। इसके अलावा, रवीना ने फिल्म दिल से के मशहूर गाने छैंया छैंया, जिसमें बाद में अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा दिखीं, को भी करने से मना कर दिया था। उन्हें डर था कि 'शहर की लड़की' जैसे सुपरहिट गाने के बाद उन्हें इंडस्ट्री में 'आइटम सॉन्ग गर्ल' का टैग न दे दिया जाए। उस दौर में एक्ट्रेसेस के लिए स्टीरियोटाइप होना आसान था, इसलिए उन्होंने गाना छोड़ दिया। रवीना का कहना है कि उन्हें अपने निर्णयों पर कोई पछतावा नहीं है क्योंकि हर अभिनेता अपने करियर को अपनी समझ से दिशा देता है। दिलचस्प बात यह है कि जिन अवसरों को उन्होंने छोड़ा, वे रानी मुखर्जी और मलाइका अरोड़ा के लिए माइलस्टोन साबित हुए।



## फिल्म 'मैं हूं ना' को लेकर फराह ने किया बड़ा खुलासा

अपनी सुपरहिट फिल्म 'मैं हूं ना' को लेकर बॉलीवुड फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान ने एक बड़ा खुलासा किया है। उनके मुताबिक फिल्म में शाहरुख खान के अपोजिट निभाया गया चांदनी का आइकॉनिक रोल शुरुआत में सुष्मिता सेन को नहीं, बल्कि अभिनेत्री समीरा रेडडी को ऑफर किया जाना था।

फराह ने यह राज अपने यूट्यूब व्लॉग में समीरा रेड्डी के साथ हुई हालिया बातचीत के दौरान खोला। फराह ने बताया कि उन्होंने समीरा को पहली बार 'आहिस्ता कीजिए बातें' म्यूजिक वीडियो में देखा था, जहां इंडियन ट्रेडिशनल लुक में उनकी खूबसूरती ने उन्हें बेहद प्रभावित किया। उस समय फराह को लगा कि 'मैं हूं ना' में चांदनी का रोल समीरा के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। यह सुनकर समीरा भी हैरान रह गईं और मजाकिया अंदाज में पूछा कि फिर उन्हें कास्ट क्यों नहीं किया गया। इसके जवाब में फराह ने बताया कि समीरा के करियर की दिशा उस समय बदल चुकी थी, क्योंकि वह सोहेल खान के साथ अपनी डेब्यू फिल्म 'मैने दिल तुझको दिया' कर चुकी थीं। इस फिल्म के कारण उनकी स्क्रीन इमेज और प्रोजेक्ट्स अलग दिशा में जा रहे थे, जिसके चलते 'मैं हूं ना' के लिए सुष्मिता सेन को चुनना पड़ा। फराह ने साफ कहा कि समीरा उनकी पहली पसंद थीं, लेकिन उस समय परिस्थितियां उनके अनुकूल नहीं रहीं। समीरा रेड्डी ने इस खुलासे पर खुशी तो जताई, लेकिन थोड़ी निराश भी दिखीं। उन्होंने कहा कि उन्हें अफसोस है क्योंकि 'मैं हूं ना' उस दौर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी और इस फिल्म ने सुष्मिता सेन की लोकप्रियता को एक नई ऊंचाई दी। फिल्म में सुष्मिता द्वारा निभाया गया चांदनी का ग्लैमरस साड़ी लुक आज भी दर्शकों के बीच बेहद मशहूर है। फिल्म रिलीज़ के बाद यह फराह खान के निर्देशन करियर की धमाकेदार शुरुआत साबित हुई। दूसरी ओर, समीरा रेड्डी 'डरना मना है', 'मुसाफिर', 'नो एंट्री' और 'रेस' जैसी फिल्मों में नजर आईं, लेकिन बाद में उन्होंने मेनस्ट्रीम सिनेमा से दूरी बना ली।

## बदले हुए लुक को लेकर सुर्खियों में राजकुमार राव

हाल ही में अभिनेता राजकुमार राव एक शॉर्ट फिल्म के इवेंट में नजर आए, जहां रेड कार्पेट पर उनका अंदाज देखकर पैपराज़ी भी दंग रह गए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही राजकुमार राव की ताजा तस्वीरों और वीडियो में बदले हुए लुक में नजर आ रहे है। राजकुमार राव का वजन बढ़ा हुआ दिखता है, हेयरलाइन बदली हुई नजर आ रही है और उनकी पूरी पर्सनैलिटी में स्पष्ट परिवर्तन दिखाई देता है। उनके इस नए लुक ने फैंस के बीच चिंता पैदा कर दी कि कहीं उनकी तबीयत तो खराब नहीं, लेकिन धीरे-धीरे असली वजह सामने आ गई है। एक्टर के करीबी सूत्र ने बताया कि राजकुमार राव पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनके लुक में आया यह बदलाव जानबूझकर किया गया है। सूत्र के अनुसार, वे अपनी अगली बायोपिक 'निकम' के लिए यह भारी-भरकम रूप लेकर आए हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म के किरदार के लिए उन्होंने काफी वजन बढ़ाया है क्योंकि वे अपनी उम्र से काफी बड़े एक जाने-माने व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और राजकुमार राव इस समय दोबारा वजन कम करने की प्रक्रिया में हैं। जानकारी के अनुसार, यह बायोपिक भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी सौरव गांगुली की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में गांगुली की क्रिकेट यात्रा, शुरुआती संघर्ष, कप्तान के रूप में उनके फैसले और भारतीय क्रिकेट के बदलाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया जाएगा।






## 'बैटल ऑफ गलवान' ने असली सैनिकों की सीरीज की जारी

'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म के मेकर्स ने असली आर्मी वेटरन्स और उनके परिवारों की कहानियों से जुड़ी एक विशेष वीडियो सीरीज जारी की है, जो उन खामोश ताकतों को सम्मान देती है, जो हर सैनिक के पीछे चुपचाप खड़ी रहती हैं। इन वीडियो को साझा करते हुए मेकर्स ने लिखा कि 'बैटल ऑफगलवान' उन परिवारों को सलाम करता है जिन्होंने हर पोस्टिंग, हर विदाई और हर वापसी को अपने दिल से जिया है। पहले वीडियो में तीसरी गोरखा राइफल्स के कर्नल महीप सिंह चड्ढा की बेटी मिसेज गानवी चड्ढा नज़र आती हैं। कर्नल चड्ढा 1965 और 1971 की जंग में शामिल रहे थे। मिसेज चड्ढा याद करती हैं कि कैसे उनके पति फील्ड एरिया में तैनात रहते थे और उनसे बात करने के लिए लोकल एक्सचेंज के जरिए कॉल बुक करनी पड़ती थी, जिसमें पूरा प्रोटोकॉल निभाना होता था।

वह बताती हैं कि परिवार उन्हें कितना याद करता था, खासकर उनका पसंदीदा खाना बनाते समय। जब वह छुट्टी लेकर घर लौटते थे, तो वही खाना साथ बैठकर खाने में एक अलग ही खुशी होती थी। दूसरे वीडियो में 16 बिहार रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल जगदीप मनचंदा (रिटायर्ड) की पत्नी मिसेज सविंदर मनचंदा उन तनाव भरी यादों को साझा करती हैं, जब उनके पति की यूनिट को अरुणाचल प्रदेश के वांगचुक जनजाति वाले क्षेत्र में भेजा गया था। वह बताती हैं कि उस इलाके में लगातार खतरा बना रहता था। टेलीफोन लाइनें बहुत दूर थीं और आवाज भी साफ नहीं आती थी, लेकिन किसी भी तरह पति की आवाज सुन लेना उनके लिए बड़ा सुकून था। तीसरे वीडियो में खुद रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल जगदीप मनचंदा दिखाई देते हैं, जिन्होंने 1972 से 2003 तक देश की सेवा की। वह अपने 32 साल के आर्मी सफर को जिंदगी का सबसे अनमोल हिस्सा बताते हैं। गलवान घाटी के संघर्ष समेत कई कठिन ऑपरेशन्स को याद करते हुए उन्होंने भारतीय सेना और अपने साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन भावुक और प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से सलमान खान फिल्म्स न सिर्फसैनिकों की बहादुरी को सम्मान दे रहा है, बल्कि उन परिवारों की कुर्बानियों को भी सलाम कर रहा है, जो हर वर्दी के पीछे की असल ताकत होते हैं। सलमा खान के प्रोडक्शन और अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी 'बैटल ऑफ गलवान' बहादुरी, बलिदान और मानवीय रिश्तों की गहराई को दर्शाने की कोशिश करती है। चित्रांगदा सिंह भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जो कहानी को और प्रभावशाली बनाती है। बता दें कि 'बैटल ऑफगलवान' के टीज़र को मिली दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया के बाद सलमान खान फिल्म्स लगातार देशभक्ति की भावना को और मजबूत कर रहा है। हाल ही में रिलीज़ हुए इसके गाने 'मातृभूमि' और 'मैं हूँ' ने लोगों के दिलों में जोश और भावनाओं का एक नया उभार पैदा किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।